आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 31 ● कटनी ● शुक्रवार, 3 मार्च, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## ऑस्ट्रेलिया ने 9 विकेट से जीता इंदौर टेस्ट

■ इंदौर, ईएमएस।

ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन की संयमित पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट 9 विकेट से जीत लिया है। इस जीत के साथ ही कंगारू टीम ने चार मैचों की सीरीज में 2-1 की वापसी की है। सीरीज का आखिरी मुकाबला 9 से 13 मार्च तक अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा। मुकाबले के तीसरे दिन कंगारू टीम ने चौथी पारी में मिले 76 रनों के टारगेट को एक विकेट पर आसानी से हासिल कर लिया, हालांकि भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दिन की दूसरी ही बॉल पर उस्मान ख्वाजा को शून्य पर पवेलियन भेजकर भारतीय फैंस की उम्मीदें जगा दी, भारतीय स्पिनर्स ने शुरू के 11 ओवर असरदार गेंदबाजी भी की, लेकिन 12वें ओवर में बॉल बदली गई। बॉल बदलते ही परिस्थितियां बदल गईं। ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन नाबाद लौटे। इससे पहले, भारत ने दूसरी पारी में 163 रन बनाते हुए 75 रनों की बढ़त हासिल की थी। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई ने अपनी पहली पारी में 197 रन बनाते हुए पहली पारी में 88 रनों की ब?त बनाई। भारत पहली पारी में 109 रन पर सिमट गया था।



**76 मिनट में हासिल किया 76 रनों का टारगेट, सीरीज में वापसी की**

## भाजपा विधायक का बेटा 40 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक लोकायुक्त के एंटी करप्शन विंग ने गुरुवार को भाजपा विधायक मदल विरुपक्षप्पा के बेटे को 40 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। विधायक के बेटे प्रशांत मदल को लोकायुक्त अधिकारियों ने उसके कार्यालय से रिश्वत लेते हुए पकड़ा। लोकायुक्त को रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी। आधिकारिक सूत्र के मुताबिक, प्रशांत मदल के कार्यालय से 1.7 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी मिली है। बता दें, मदल विरुपक्षप्पा कर्नाटक साबुन और डिटर्जेंट लिमिटेड के अध्यक्ष हैं।

**शिवराज सरकार का कैबिनेट में बड़ा फैसला**

# जबलपुर आरटीओ की जमीन सफल निविदाकार को देने पर बनी सहमति

■ भोपाल, यशभारत।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में कैबिनेट की बैठक हुई। मप्र विधानसभा में बजट सत्र का आज पांचवा दिन है। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व हुई शिवराज कैबिनेट की इस बैठक में सिवनी में सिंचाई परियोजना के लिए 29.37 करोड़ की मंजूरी दी गई। साथ ही चंदेरी में सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के लिए 558.05 करोड़ को मंजूरी दी गई। जनजातीय कार्य विभाग के 35 माध्यमिक विद्यालय निर्माण, कृषि कल्याण विभाग के तहत विकास निधि के कार्यों को स्वीकृति दी गई। जूनी इंदौर की जमीन को पांच करोड़ 40 लाख रुपये, महिदपुर बस डिपो उज्जैन की जमीन को भी छह करोड 29 लाख रुपये, जबलपुर में परिवहन विभाग की जमीन को 130 करोड़ 69 लाख रुपये में सफल निविदाकार को देने पर सहमति बनी।



### पांच मार्च को लांच होगी मप्र मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, प्रपत्र भरवाने की होगी शुरूआत

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना गरीब बहनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी। यह अति महत्वपूर्ण योजना है। इसे जमीन पर क्रियान्वित करने के लिए सभी को जुटना है। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने योजना के शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कही। मुख्यमंत्री आवास कार्यालय में योजना के लांच की तैयारियों संबंधी वीडियो कांफ्रेसिंग से महिला-बाल विकास विभाग, समस्त कमिश्नर, कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, आयुक्त नगर पालिका निगम एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर रहे थे।

## मोदी भारत को बर्बाद कर रहे... कैम्ब्रिज से राहुल गांधी का हमला

### जासूसी का लगाया आरोप

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में भारतीय लोकतंत्र पर एक और भाषण दिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी भारत की बनावट को बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने अपने फोन में इजरायली जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस होने का भी दावा किया। जिसके जरिए मेरी जासूसी होती थी। खुफिया अधिकारियों ने मुझे बताया कि आपका फोन रिकॉर्ड हो रहा है। विपक्ष के कई नेताओं पर झूठे केस किए गए। मेरे ऊपर कई आपराधिक मामले दर्ज कराए गए हैं। ऐसे मामलों में केस दर्ज हुए, जो बनता ही नहीं था। जिनका कोई मतलब भी नहीं बनता था। हम अपना बचाव करने की कोशिश कर रहे हैं।ज उन्होंने यह भी कहा कि भारत के कई दूसरे नेताओं के फोन में भी इस सॉफ्टवेयर को इंस्टॉल किया गया था। उन्होंने भारत में अल्पसंख्यकों के हालात पर भी चिंता जताई। राहुल गांधी ने कहा कि भारत में अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी संस्थाओं पर सरकार का कब्जा है। उन्होंने मीडिया और कोर्ट पर भी सरकारी कब्जे का दावा किया।




### गैस सिलेंडर देना और बैंक खाते खुलवाना अच्छा कदम

राहुल गांधी ने कहा कि शायद महिलाओं को गैस सिलेंडर देना और लोगों के बैंक अकाउंट खुलवाना अच्छा कदम है। इसे गलत नहीं कहा जा सकता है, लेकिन मेरे विचार में मोदी भारत की बनावट को बर्बाद कर रहे हैं। वो भारत पर एक ऐसा विचार थोप रहे हैं जिसे भारत स्वीकार नहीं कर सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने सभी संस्थानों पर कब्जा जमा लिया है। उन्होंने कोर्ट और मीडिया को भी सरकारी कब्जे में होने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं। अपने भाषण के दौरान उन्होंने कई अखबारों की कटिंग को भी शेयर किया। राहुल गांधी ने कश्मीर में सुरक्षा के हालात पर भी चिंता जताई।

### राहुल गांधी के दिमाग में है पेगासस -अनुराग

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, राहुल गांधी एक बार फिर विदेशी धरती पर होहल्ला मचाने का काम कर रहे हैं। पेगासस उनके दिमाग में है। पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया भर में भारत का सम्मान बढ़ा और यह बात बड़े-बड़े नेता कह रहे हैं। राहुल गांधी को इटली के पीएम ने पीएम मोदी के बारे में क्या कहा, उसे सुनना चाहिए। राहुल गांधी के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जवाब दिया। उन्होंने कहा, देश के हर नागरिक का डेटा 100 फीसदी सुरक्षित है। उन्होंने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनकी सुई अटक गई है।वहीं भाजपा नेता आरपी सिंह ने कहा, पूरे देश एक है, लेकिन राहुल गांधी विदेश में जाकर देश को बदनाम कर रहे हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी 7वें अंतरराष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का शुभारंभ

### भोपाल में 15 देशों से 350 विद्वान होंगे शामिल

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आज से कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आज से आयोजित 7वें अंतरराष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का शुभारंभ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। इस सम्मेलन में 15 देशों के 350 से ज्यादा विद्वान और पांच देशों के संस्कृति मंत्री भी शामिल होंगे। इस मौके पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर और सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. नीरजा गुप्ता भी मौजूद रहेंगी। नए युग में मानववाद के सिद्धांत पर केंद्रित सम्मेलन 5 मार्च तक चलेगा। धर्म-धम्म के वैश्विक विचारों को मंच प्रदान करने वाले सम्मेलन में भूटान, मंगोलिया, श्रीलंका, इंडोनेशिया, थाइलैंड, वियतनाम, नेपाल, दक्षिण कोरिया, मॉरिशस, रूस, स्पेन, फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन की सहभागिता रहेगी।



**दूसरे देशों के संस्कृति मंत्री रखेंगे विचार** – शुभारंभ सत्र में श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के स्वामी गोविंददेव गिरि महाराज का उद्बोधन भी होगा। अतिथि च्द पेनारोमा ऑफ इंडियन फिलोसफर्स एंड थिंकर्स पुस्तक का विमोचन करेंगे। पहले दिन के दूसरे-सत्र में इंडिया फाउंडेशन की गवर्निंग काउंसिल के सदस्य राम माधव की अध्यक्षता में मिनिस्टर-सत्र में भूटान, श्रीलंका, नेपाल और इंडोनेशिया के संस्कृति मंत्री विचार रखेंगे।

**4 मुख्य सत्र में 25 विद्वानों का होगा संबोधन**– तीन दिवसीय सम्मेलन में 4 मुख्य सत्र में 25 विद्वान विचार रखेंगे। इसी दौरान 15 समानांतर सत्र भी होंगे, जिसमें सम्मेलन की थीम च्नए युग में मानववाद का सिद्धांत पर केंद्रित 115 शोध-पत्र पढ़े जाएंगे।

## उमरिया में 18 महीने की बाघिन शावक की संदिग्ध मौत

■ उमरिया, यशभारत।

उमरिया जिले में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के खितौली परिक्षेत्र में फिर 18 महीने के बाघिन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की खबर है। बताया जा रहा है कि मृत बाघिन डोभा बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ-374 राजस्व क्षेत्र लमनहाहार में मृत अवस्था में मिली है। सूत्रों की माने तो गुरुवार सुबह गश्ती दल घटना स्थल के करीब गश्ती कर रहा था, तभी मृत अवस्था में बाघिन मिली। घटना के बाद राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की गाइडलाइन अनुसार क्षेत्र की घेराबंदी कर क्षेत्र में डॉग स्काड द्वारा सघन निरीक्षण किया गया है, जिसमें घटना स्थल के करीब कई जगह ब्लड देखे गए। पार्क अधिकारियों की माने तो बाघिन के मौत के कारण प्राथमिक दृष्ट्या बाघों का आपसी संघर्ष है। फिलहाल, बाघिन की मौत के बाद आवश्यक कार्रवाई कर पार्क अधिकारियों, वन्य प्राणी चिकित्सक, एनटीसीए प्रतिनिधि के समक्ष गुरुवार शाम मृत बाघिन शावक का पीएम आदि कर अंतिम संस्कार कर दिया गया है।



## छत से गिरा बच्चा, मंदिर में रखी त्रिशूल पेट में घुसी, इलाज जारी

■ पन्ना, यशभारत।

पन्ना के ग्राम बिलखुरा में गुरुवार को हुए दर्दनाक हादसे में खेलते खेलते छत पर से गिरे एक बच्चे के पेट में त्रिशूल घुस गया जैसे ही परिजनों ने मासूम की आवाज सुनी तो तत्काल मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों की मदद से किसी तरह त्रिशूल से बच्चे को बाहर निकाला। फिर बाइक से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पन्ना में भर्ती करवाया।जानकारी के अनुसार, शिवराज यादव (4) निवासी ग्राम बिलखुरा जो अपने दोस्तों के साथ छत पर खेल रहा था। इसी दौरान वह छत से नीचे जा गिरा, घर के नीचे बने मंदिर के पास सीधे त्रिशूल में जा गिरा और त्रिशूल उसके पेट में बुरी तरह घुस गया। फिलहाल, मासूम बच्चे का उपचार जिला चिकित्सालय पन्ना में जारी है।

## दीवार फांद कर शाहरुख खान के बंगले में घुसे दो लोग हिरासत में

■ मुंबई, ईएमएस।

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बंगले मन्नत में गुरुवार को सुबह बाहरी दीवार फांदकर घुसे दो युवकों को हिरासत में लिया गया है। बांद्रा पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, 19 से 20 साल उम्र के युवाओं को बंगले के परिसर में प्रवेश करने के बाद ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया।पूछताछ के दौरान उन्होंने पुलिस को बताया कि वे गुजरात से आए हैं और अभिनेता से मिलना चाहते हैं। अधिकारी ने कहा कि भारतीय दंड संहिता के तहत उनके खिलाफ अनाधिकार प्रवेश और अन्य प्रासंगिक अपराधों का मामला दर्ज किया गया था और आगे की जांच की जा रही है।मुंबई पुलिस के मुताबिक, आरोपियों से उनके मकसद के बारे में पूछताछ की जा रही है। हालांकि, दोनों ने शुरू में पुलिस को बताया कि वे शाहरुख खान के फैन हैं, लेकिन पुलिस इस मामले की हर पहलू से भी जांच कर रही है। पठान की सफलता से फैंस खुशदरअसल, हाल ही में रिलीज शाहरुख खान की फिल्म पठान ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता हासिल की है। यह दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर 1,000 करोड़ का आंकड़ा छूने में सफल रही है। जॉन अब्राहम और दीपिका पादुकोण ने भी एक्शन से भरपूर फिल्म में अभिनय किया।फिल्म की सफलता के बाद शाहरुख खान के फैन्स की दीवानगी एक बार फिर चरम पर है। किंग खान अब अपनी आगामी फिल्मों की तैयारी में जुट गए हैं। सबकुछ ठीक रहा तो शाहरुख की अपकमिंग फिल्म च्जवानज और च्डंकीज्इसी साल रिलीज होगी।



### चर्चा में रहता है शाहरुख खान का बंगला

शाहरुख खान का बंगाल मन्नत भी लगातार चर्चा में रहता है। पिछली बार इसकी चर्चा तब हुई थी जब नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के अधिकारियों की एक टीम ने अक्टूबर 2021 में आर्यन खान के ड्रग्स से जुड़े कथित मामले के सिलसिले में कुछ दस्तावेजों की तलाश में सुपरस्टार के बंगले का दौरा किया था।

## कांग्रेस ने विस अध्यक्ष के विरुद्ध पेश किया अविश्वास प्रस्ताव

## सत्तापक्ष-विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक

### हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही स्थगित

■ भोपाल, यशभारत।

मप्र विधानसभा में बजट सत्र का आज पांचवां दिन है। गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम द्वारा कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी को सत्र की बाकी अवधि से निलंबित किए जाने से कांग्रेस बौखलाई हुई है। सदन और विस परिसर में विपक्षी विधायकों द्वारा हंगामे के आसार को देखते हुए शुक्रवार को विधानसभा में विधानसभा में आज मीडिया पर पाबंदी लगा दी गई है। मीडियाकर्मियों को विधानसभा में पत्रकार दीर्घा के अलावा कहीं भी आने-जाने से रोक दिया गया। कल पटवारी के विरुद्ध हुई कार्यवाही के विरोध में कांग्रेस पूरी तरह से उनके साथ खड़ी हो गई। गुरुवार को सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ के आवास पर विधायक दल की बैठक हुई। इसमें अध्यक्ष की कार्यवाही को अलोकतांत्रिक बताते हुए उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने का निर्णय लिया गया। शुक्रवार को विधानसभा की कार्यवाही प्रारंभ होते ही नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह ने कहा कि हमने अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव दे दिया है। इसकी स्वीकार्यता को लेकर चर्चा कराई जाए। इस पर संसदीय कार्यमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि पहले हमारी बात भी सुन ली जाए, इसके बाद ही कोई बात हो। कांग्रेस नेता सज्जन वर्मा ने कहा कि हमें अध्यक्ष पर विश्वास नहीं है इसलिए उन्हें आज से ही नैतिकता के आधार पर छोड़ देनी चाहिए। चर्चा शुरू होते ही दोनों पक्षों की ओर से हंगामा हुआ और फिर सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि सरकार बजट सत्र चला है ना ही नहीं चाहती है यही कारण है कि हंगामा कराया जा रहा है बजट को बिना चर्चा ही पारित कराने का षड्यंत्र किया जा रहा है।



**यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें**

**मो. 9407348995, 7999718732**




# दिल्ली शराब घोटाला... केजरीवाल से भी पूछताछ कर सकती है CBI-ED

### कई हैंडसेट-सिम बदलने से रडार पर आए मनीष सिसोदिया, कंप्यूटर ने पहुंचाया जेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आबकारी नीति घोटाले को दिल्ली के च्रूअरविंद केजरीवाल भले ही फर्जीवाड़ा मान रहे हों, पर मामले की जांच कर रही CBI टीम जिस तरह डिजिटल और फॉरेंसिक सबूत जुटा रही है, इससे भविष्य में केजरीवाल सरकार की मुसीबत बढ़ सकती है। मनीष सिसोदिया से रिमांड में हुई पूछताछ के बाद अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी CBI-ED के दफ्तर बुलाया जा सकता है। ऐसी जानकारी है कि इस मामले में जांच टीम को पुख्ता सबूत मिले हैं। CBI सत्येंद्र जैन से इस मामले में पहले ही तिहाड़ जेल में जाकर पूछताछ कर चुकी है। आरोप है कि आबकारी विभाग के एक ब्यूरोक्रेट ने घोटाले में पूछताछ के दौरान CBI को बयान दिया है कि सिसोदिया ने उन्हें केजरीवाल के घर बुलवाया था। उस दौरान वहां सत्येंद्र जैन भी थे। वहीं,, पर सिसोदिया ने उन्हें मौखिक रूप से शराब कारोबारियों के लिए कमीशन बढ़ाने के लिए ड्राफ्ट तैयार करने को कहा था। फेस टाइम कॉल में भी केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप दावा किया जा रहा है कि समीर महेंद्रू ने जांच एजेंसी को बताया था कि जेल में बंद नायर के फोन से केजरीवाल ने फेस टाइम पर विडियो कॉल कर उन्हें कहा था कि विजय नायर उनका बच्चा है। उन पर वो भरोसा करें। महेंद्रू का दावा है कि इस मामले में करोड़ों रुपए केजरीवाल के आदेश पर दिए गए थे। जिसे गोवा चुनाव में खर्च किया गया था। इस मामले में श्वष्ठ विज्ञापन कंपनी से भी पूछताछ कर चुकी है। दावा किया जा रहा है कि दोनों आरोपों में CM केजरीवाल सीधे तौर पर शामिल हैं। उन्हें महेंद्रु, विजय नायर के सामने बिठाकर पूछताछ करना जरूरी है, जिससे सच का पता लगाया जा सके।




# भाजपा फिर चलाएगी बूथ विस्तार अभियान

## कार्यशाला में 4 महीने की कार्ययोजना पर चर्चा जिला प्रभारी संजय साहू का मिला मार्गदर्शन



**कटनी, यशभारत।** पूर्वोत्तर में जीत से भाजपा उत्साहित है वह इस जीत में भी अपनी बूथ स्तर की कार्ययोजना को महत्वपूर्ण मान रही है लिहाजा मध्यप्रदेश में बूथ विस्तार महा अभियान के द्वितीय संस्करण को लेकर महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी, बूथ प्रभारी, आईटी संयोजक अपेक्षित थे। जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने जिला प्रभारी का परम्परानुसार स्वागत किया, जबकि जिलाध्यक्ष श्री टण्डन का स्वागत जिला उपाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी ने किया। इसी प्रकार भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी का स्वागत मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला, जिला महामंत्री सतीश तिवारी का स्वागत कार्यालय मंत्री अम्बरीष वर्मा एवं जिला महामंत्री राजेश चौधरी का स्वागत सह कार्यालय मंत्री यज्ञदत्त मिश्रा द्वारा किया गया। इसी तरह महामंत्री चेतन हिंदूजा का स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष श्री टण्डन ने कहा कि हमारे संगठन की मंशा है कि आने वाले 2023 तथा 2024 के चुनाव को देखते बूथ विस्तारक अभियान 2.0 निरन्तर चलेंगे। इसके साथ ही संगठन की अगले 4 माह निरन्तर संगठनात्मक गतिविधियों का क्रम भी चलेगा। कार्यशाला में बूथ विस्तारक योजना 2.0 पर कार्य संरचना को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। श्री टण्डन ने कहा कि हमारा लक्ष्य वोट प्रतिशत को 51 फीसद तक पहुंचाने का है। कटनी जिले में हम इसे हासिल करेंगे। सोशल मीडिया में और अधिक प्रभावशाली ढंग से कार्य की जरूरत है। 4, 5, 6 मार्च को एक दिवसीय तैयारी बैठक प्रत्येक मण्डल में आयोजित होगी। 10 तथा 11 मार्च को विस्तारक कार्यशाला एवं 13, 14 मार्च को त्रिदेव की समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। 14 से 21 मार्च तक बूथ स्तर पर विस्तारक अभियान चलाया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष तथा विषय विशेषज्ञ सुनील उपाध्याय ने कहा कि संगठन निरन्तर कार्यकर्ताओं को सक्रिय रख जनता से उनका संवाद बनाये रखती है। सिर्फ चुनाव में नहीं हमारी गतिविधियों की निरंतरता हमेशा रहती है। संगठनात्मक विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के विषय एवं बूथ विस्तारक अभियान की बारिकियों को विस्तार से बताते हुए जिला उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय ने कहा कि बूथ विस्तारक 2 अभियान एक महत्वपूर्ण अभियान है इसी अभियान के आधार पर हर बूथ को जीतना है। कार्यशाला का संचालन महामंत्री चेतन हिंदूजा ने किया। जिला प्रभारी संजय साहू ने कहा कि बूथ विस्तारक योजना-2.0 का उद्देश्य यही है कि बूथ हमारी निरंतर चलने वाली और सुदृढ़ इकाई बने। प्रत्येक बूथ मजबूत हो, इसके लिए गंभीरता से पूर्ण प्रयास करने हैं। इस अभियान में बूथ समितियों का सत्यापन भी आवश्यक रूप से करें। श्री साहू ने कहा कि बूथ विस्तारक योजना 2.0 का उद्देश्य बूथों को सक्रिय तथा मजबूत बनाना है और हमें उन बूथों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, जहां हम कमजोर हैं। जिला प्रभारी ने कहा कि हमें बूथ सशक्तिकरण अभियान के दायित्व का सफलता से निर्वहन करना है। जिले के सभी 1166 बूथ को मजबूत बनाने मेहनत करनी है। बूथ विस्तारक अभियान की कार्यशाला के सूचनात्मक सत्र में सुरेश सोनी ने आजीवन सहयोग निधि, रणवीर कर्ण ने राष्ट्रपति अभिभाषण एवं अंकिता तिवारी ने बजट पर चर्चा कार्यक्रम पर अपना उदबोधन दिया व आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। वर्ग गीत का वचन जिला उपाध्यक्ष गीता गुप्ता ने किया।

## होली पर अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड में, कुमार विश्वास करेंगे शिरकत



**कटनी, यशभारत।** सतरंगी होली के पावन पर्व पर साहित्य के क्षेत्र में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन आगामी 9 मार्च को स्थानीय फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड में सायं 7.00 बजे से आयोजित किया जा रहा है। देश के प्रख्यात राष्ट्रीय कवि डा कुमार विश्वास इसमें शामिल होंगे। कटनी टेंट लाईट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सरावगी ने बताया एक शाम शहीदों के नाम अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन स्वर्गीय ओमप्रकाश सरावगी एवं स्व शकुंनतला सरावगी की पुण्य स्मृति में ओमप्रकाश सरावगी निशुल्क विद्यालय कटनी एवं कटनी टेंट लाईट एसोसिएशन मुक्तिधाम विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। देश के ख्यातिलब्ध कवियों का समागम होगा। देश के प्रख्यात युग कवि डॉ कुमार विश्वास दिल्ली श्रीमती सुमन दुबे लखनऊ, कार्यक्रम के संयोजक मनोहर मनोज, शंभू शिखर नोएडा, सुदीप भोला जबलपुर, चेतन चर्चित इंदौर द्वारा हास्य व्यंग्य छंद गीत गजल मुक्तक से कवि सम्मेलन को काव्यपाठ से ऊंचाइयां प्रदान की जाएंगी कार्यक्रम के संयोजक मनोहर मनोज, अजय सरावगी, शरद सरावगी, सतीश सरावगी, रजनीकांत गुप्ता, लाला सिंघानिया, त्रिभुवन गट्टानी, वेंकट सोमानी, मनीष सरावगी, दीपक सरावगी, सम्पत गट्टानी, नरेश पोद्दार, राजू अग्रवाल, अशोक कटारे, मनीष गेई, अभिलाष दीक्षित, जसबीर सिंह टुटेजा, मगन जैन, संजय सरावगी, पवन सरावगी, नीरज बहरे, वरिष्ठ पत्रकार संजय जैन, आशीष सोनी, विवेक शुक्ला, कमल खूबचंदानी, सुरेश ओचानी, मौसूफ अहमद बिट्टू, भवानी तिवारी ने नगर के साहित्यप्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

# होली है.. ट्रेनों में सीट फुल और फ्लाइट में बढ़ गया तीन गुना किराया

**कटनी, यशभारत।** होली से करीब एक महीने पहले ही ट्रेनों में कन्फर्म टिकट को लेकर मारामारी शुरू हो गई थी अब जबकि होली नजदीक है तो आलम यह है कि कन्फर्म टिकट की उम्मीद लिए लोग सुबह से ही रिजर्वेशन काउंटर पर खड़े दिखते हैं, लेकिन उन्हें कन्फर्म टिकट नहीं मिल पा रहा है। सबसे बुरा हाल बिहार जाने वाली ट्रेनों का है। इन ट्रेनों में वेटिंग 200 पार तक पहुंच चुकी है। इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, रेलवे ने अभी स्पेशल ट्रेनें चलाने को लेकर कोई सूची जारी नहीं की है। इस वजह से कई लोग घर जाने के लिए दूसरे विकल्प तलाश रहे हैं।

### यूपी बिहार जाने वाले यात्रियों की सबसे ज्यादा मुसीबत

होली के दौरान बिहार जाने वाले लोग काफी परेशान हैं। महानगरी, जनता मेल कुछ ऐसी एक्सप्रेस है हैं जिनमें कोई रूम नहीं है। इसी तरह इंदौर और भोपाल से आने वाली ट्रेनों में भी होली के आसपास वेटिंग लिस्ट सौ का आंकड़ा छू रही है। अब यात्रियों की निगाहें तत्काल टिकट पर टिकी हुई हैं।




### फिर दलालों के सक्रिय होने की आशंका

त्योहारी सीजन में कटनी ही नहीं कटनी के आसपास के स्टेशनों में भी दलाल सक्रिय हो चुके हैं। सतना मैहर, शहडोल सिहोरा जैसे स्टेशनों से भी टिकट करवाने वाले आपको मिल जाएंगे जिसमें बोर्डिंग कटनी होगी बाकी टिकट किसी अन्य स्टेशन की होगी। यही नहीं कटनी रेलवे स्टेशन के साथ साथ मुड़वारा स्टेशन पर दलाल सक्रिय हो जाते हैं। जो गरीब यात्रियों को कन्फर्म टिकट का झांसा देकर अपने जाल में फंसाते हैं। गत दिनों आरपीएफ ने मैहर से दलालों कोपकड़ा था। हालांकि, इस बार भी ज्यादातर ट्रेनों में सीटें फुल हो चुकी है। जिसका फायदा उठाकर दलाल फिर सक्रिय हो सकते हैं।,

### सिर्फ ट्रेन ही नहीं फ्लाइट में भी चार्ज दोगुना से तीन गुना

होली का त्योहार नजदीक है। मार्च को होली का त्योहार मनाया जाएगा। 7 मार्च को बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली व इंदौर से ग्वालियर आने वाली फ्लाइट का टिकट महंगा हो गया है। कटनी से कई यात्री जबलपुर भोपाल इंदौरऔर नागपुर से फ्लाइट पकड़ते हैं सबसे ज्यादा फ्लाइट का किराया बेंगलुरु से आने वाली स्पाइसजेट का महंगा हुआ है। 9 मार्च को बेंगलुरु से आने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट का किराया जहां 5,450 रुपए पोर्टल पर दिखा रहा है। वहीं 7 मार्च को बेंगलुरु से ग्वालियर आने वाली फ्लाइट का टिकट 11,700 रुपए में बुक हो रहा है। वहीं 12 मार्च को ग्वालियर से बेंगलुरु का टिकट भी 10 हजार रुपए से अधिक का बुक हो रहा है। यानी होली के बाद ग्वालियर से बेंगलुरु लौटने पर यात्रियों को महंगा टिकट लेकर सफर करना होगा। सिर्फ यही नहीं जबलपुर से नई दिल्ली और मुंबई की कनेक्टिंग फ्लाइट भी मंहगी हैं। आपको बता दें कि कटनी से सबसे ज्यादा युवा बेंगलूरू, हैदराबाद, पुणे आदि बड़े शहरों में जाब करते हैं यह यात्री ट्रेन में लंबी जर्नी की बजाए फ्लाइट से आना जाना ज्यादा अच्छा समझते हैं इसके लिए सबसे अच्छा डेस्टिनेशन नागपुर को माना जाता है जहां से कई शहरों की कनेक्टिविटी है।

## चेटीचंड्र महोत्सव की तैयारियां शुरू



**कटनी, यशभारत।** भगवान झूलेलाल जी का जन्मोत्सव चेटीचंड्र पर्व सिंधु नौजवान मंडल के तत्वाधान में समस्त सिंधी समाज के सहयोग से 23 मार्च को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। पर्व की तैयारियों को लेकर सिंधु नौजवान मंडल की बैठक नई बस्ती स्थित सिंधु नौजवान मंडल द्वारा नवनिर्मित सिंधु झूलेलाल मंगलम में आयोजित हुई जिसमें अपने इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल जन्मोत्सव को भव्य रूप देने के लिए सामाजिक बंधुओं ने अपने अपने सुझाव दिए जन्मोत्सव सिंधी समाज के सहयोग से बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाना तय किया गया जिसमे आठ दिवसीय प्रभात फेरी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज सतगुरु बाबा ईश्वरशाह जी के सानिध्य में सत्संग से होना तय हुआ इसके पश्चात तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, आम भंडारा, भव्य शाही शोभायात्रा आदि तय किया गया। बैठक में सिंधु नौजवान मंडल के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों के साथ उपस्थितजनो ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए कार्यकारिणी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी सिंधु नौजवान मंडल द्वारा बुलाई गई बैठक में कटनी नगर की सामाजिक संस्थाओं, व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों, सदस्यगणों व समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। चेट्रीचंड्र भारत के सिंधी समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण पर्व है जो नववर्ष के प्रथम दिन मनाया जाता है. विश्व के अन्य भागों में बसे हुए सिंधी लोग भी चेट्रीचंड्र मनाते हैं. यह हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र मास के दूसरे दिन (अर्थात वर्ष प्रतिपदा के अगले दिन) मनाया जाता है.सिंधी समुदाय का त्योहार भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव 'चेटीचंड्र' के रूप में पूरे देश में हर्षोल्लास से मनाया जाता है।

## त्रिपुरा, नागालैंड, मेघालय में जीत पर सुभाष चौक में मनाया जश्न

**कटनी, यशभारत।** पूर्वोत्तर राज्यों को कांग्रेस ने 70 साल में सिर्फ एक पहाड़ी पिछड़े क्षेत्र के रूप में पहचान देकर रखी थी। केंद्र में नरेंद्र मोदी जी के नेतृव वाली सरकार तथा त्रिपुरा भाजपा सरकार ने इन पहाड़ी प्रदेशों में विकास की गंगा बहाई आज। जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टण्डन ने सुभाष चौक में भाजपा की जीत का जश्न मीडिया से बात करते कही। इस अवसर पर जिला प्रभारी संजय साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। भाजपा की जीत पर जमकर आतिशबाजी की गई। युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी की। एक दूसरे का मुँह मीठा कराया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन के साथ जिला प्रभारी संजय साहू, महामंत्री चेतन हिंदूजा, जिला उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय, मृदुल द्विवेदी, गीता गुप्ता, अंकिता तिवारी, अम्बरीष वर्मा, आशुतोष शुक्ला, यज्ञदत्त मिश्रा, सचिन तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा जैन, सपना सरावगी, शिल्पी सोनी, शमीम बानो, हीरामणि बरसैया, युवा मोर्चा अध्यक्ष मृदुल मिश्रा, पार्षद अवकाश जायसवाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल मिश्रा, जगदीश गुप्ता, सुमित जायसवाल, महेन्द्र चौहान, आदर्श रेशु टुड़हा, प्रवीण पाण्डेय, नवल चतुर्वेदी, राघवेंद्र खरे, नीरज पोपटानी, अक्षय श्रीवास्तव, निहाल सोनी, पंकज कर्ण, पारस जैन, हर्ष पांडेय, आशु पटवा, हर्ष गौतम, भवानी मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, शशांक चौरसिया, लखन साहू, भावेश रजक, प्रमोद राघवेंद्र पाठक, राघवेंद्र गोयनका, रितिक कुंडे, छोटू मिश्रा, शिवम मिश्रा, राहुल यादव आदि भाजपाजन मौजूद थे।



# सावधान! 4 माह में 3 हजार 220 लोगों पर अवारा श्वानों का हमला

**कटनी, यशभारत।** कटनी शहर या उपनगरीय क्षेत्र व जिलेभर में इन दिनों अवारा श्वानों का आतंक बढ़ता जा रहा है। सड़कों ने निकलना, बाजार क्षेत्र में जाना व गांवों में श्वान लोगों पर हमला कर रहे हैं। सरकारी आंकड़ों की मानें तो हर दिन 25 से 30 लोगों को काटकर लहुलुहान कर रहे हैं। इससे लोगों की जान पर खतरा भी बन रही है। श्वानों के काटने पर समय पर इंजेक्शन लगना आवश्यक होता है, यदि न लग पाए तो रैबीज का खतरा बढ़ जाता है, जो बेहद घातक होता है। श्वानों की लगातार संख्या व हमले बढ़ रहे हैं। जानकर हैरानी होगी कि चार माह में श्वानों ने 3 हजार 220 लोगों पर हमला किया है व काटकर घायल किया है। जानकारी के अनुसार अस्पतालों में बढ़ रही मरीजों की संख्या यह बता रही है कि श्वानों की तादाद बढ़ी है। अक्टूबर माह में 625, नवंबर माह में 753, दिसंबर माह में 773 व जनवरी माह में 1069 लोगों को काटकर घायल किया है। शहरी क्षेत्र का भी आंकड़ा अधिक है। श्वानों का बढ़ता आतंक लोगों के लिए घातक बन रहा है। बच्चों को श्वान ज्यादा हमला कर रहे हैं, बावजूद इसके इनके नियंत्रण पर जिम्मेदार विभाग नगर निगम, नगर परिषद ध्यान नहीं दे रहे।



### 28 दिनों के अंदर चार इंजेक्शन आवश्यक

श्वान काटने की स्थिति में शासकीय अस्पतालों में वर्तमान में 28 दिनों के अंदर 4 इंजेक्शन लगाने का इंतजाम है। सामान्य परिस्थिति में श्वान के काटने के पहले दिन, तीसरे दिन, सातवें दिन, 28 वें दिन इंजेक्शन लगवाना चाहिए। इंजेक्शन समय से नहीं लगवाने या फिर दो-तीन लगवाकर आखिरी डोज नहीं लेने की स्थिति में रैबीज से बचाव की पूरी सुरक्षा नहीं रह जाती।

### हरकत में आया है स्वास्थ्य विभाग

श्वानों के बढ़ते हमले से स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने गत दिनों नगर निगम आयुक्त सहित बरही, कैमोर व विजयराघवगढ़ के सीएमओ को पत्र लिखकर राष्ट्रीय रैबीज नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत श्वानों के हमले की बढ़ती संख्या को देखते हुए चिंता जाहिर की है। कहा है कि बढ़ते हमलों से रैबीज के बढने का खतरा है। श्वानों का टीकाकरण व बन्धयाकरण कराने कहा है।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
ऑडी-1 में रोजाना 3 शो ता. 24 से
दोपहर 12, 6 एवं रात्रि 9 बजे से




कलाकार- कार्तिक आर्यन, कृति सेनन, परेश रावल, मनीषा कोइराला आदि।

शहजादा

Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
ऑडी-2 में रोजाना 5 शो ता. 24 से
दोपहर 1, 3 (ऑडी-1), 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से





कलाकार- अक्षय कुमार, इमरान हाशमी, नुसरत भरूचा, डायना पेंटी आदि।

सेल्फी

Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

*कटनी, यशभारत। एक बार फिर से पर्यटन स्थलों में फिर भीड़ दिखने लगी है। कई वर्षों से घरों में बंद लोग अब धीरे-धीरे सामान्य जीवन की तरफ बढ़ रहे हैं। ऐसे में नागरिक पर्यटन स्थलों की तरफ भी रुख कर रहे हैं। जिले में पर्यटन की दृष्टि से प्राकृतिक, धार्मिक और सांस्कृतिक सौंदर्य से भरपूर स्थान हैं। विडंबना यह है कि इन स्थानों को प्रशासनिक उपेक्षा के कारण पर्यटन के नक्शे में वह स्थान नहीं मिल सका जिसके काबिल ये स्थान हैं। लेकिन फिर लोग यहां पहुंचते हैं।*

# पर्यटनों स्थलों का चहुंमुखी विकास जरूरी, बढ़ने लगी सैलानियों की भीड़




प्रशासनिक रूप से उपेक्षित इन स्थानों को आज भी विकास की दरकार है लेकिन इन स्थानों का सौंदर्य अकथनीय है। ये हैं जिले के सुंदर प्राकृतिक, धार्मिक स्थान हैं जिन पर जाकर आप अपनी थकान दूर कर सकते हैं। जिला पर्यटन की संभावनाओं से भरा है। इन स्थानों पर यदि प्रशासन नजर डाले तो ये स्थान पर्यटन की दृष्टि से बेहतर साबित हो सकते हैं। इन स्थानों की पड़ताल नईदुनिया ने की जो पर्यटन की दृष्टि बेहतर साबित होंगे। लेकिन ये स्थान प्रशासनिक उदासीनता के शिकार हैं। पर्यटन की असीम संभावनाएं के बीच कटनी जिला मप्र पर्यटन के नक्शे में अपने स्थान बनाने में कामयाब नहीं हो सका। पहले भी पर्यटन विकास के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जा चुके हैं लेकिन पर्यटन विकास नहीं हो सका।

### बिलहरी-काम कंदला की नृत्य शाला

बिलहरी के पर्यटन को भी प्रचार नहीं मिल सका। राजा कर्ण की राजधानी कही जाने वाले बिलहरी नगरी में बने कुंड सैकड़ों वर्ष पुराने अतीत को संजोये हुए हैं। यहां पर राजा कर्ण का किला, गया कुंड, काम कंदला की नृत्यशाला, बावली, मंदिर, रंगमहल, फांसीघर, सहित कई महत्वपूर्ण स्थल लोगों के आकर्षण का केंद्र हैं। सबसे ज्यादा यहां लोगों को बने कुंड आकर्षित करते हैं। यहां प्राचीन विशाल मंदिरों के साथ राजा कर्ण के किले के अवशेष, सजा देने का स्थान, रानी की श्रंगार चौरी, बावली, कामकंदला वर्षों पुराने इतिहास को बयां कर रहे हैं। कलचुरी वंश का 10वीं शताब्दी का एक अभिलेख प्राप्त हुआ है। बिलहरी को प्राचीन पुष्पावतीध बताया जाता है और इसका संबंध माधवानल और कामकंदला की प्रेम गाथा से जोड़ा गया है। बिलहरी में प्रवेश करते ही एक विशाल जलाशय तथा एक प्राचीन गढ़ी दिखाई देती है। एक विशिष्ट अभिलेख बिलहरी से प्राप्त हुआ है।

## सामान्य प्रशासन समिति की बैठक का आयोजन 10 मार्च को

**कटनी, यशभारत।** विषयांतर्गत जिला पंचायत कटनी की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 10 मार्च दिन शुक्रवार को सायं 4:00 बजे से जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत ने बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है। जारी एजेंडा अनुसार जिला पंचायत कटनी व्दारा वर्ष 2019-20 2020-21 एवं 2021-22 में विभिन्न योजनान्तर्गत स्वीकृत किये गये कार्य और सामान्य प्रशासन समिति के बिना अनुमोदन के स्वीकृत कर कार्यो में व्यय राशि की पर चर्चा की जायेगी। इसके अतिरिक्त उपरोक्त वर्षो में सहकारी समितियों को आबंटित खाद्यान्न की योजनावार जानकारी एवं समितियों के माध्यम से गरीब एवं अतिगरीब हितग्राहियों को वितरित खाद्यान्न पर जनपद पंचायतवार चर्चा की जायेगी। बैठक में अध्यक्ष, जिला पंचायत कटनी व्दारा प्रेषित पत्रों पर की गई कार्यवाही, सदस्यों व्दारा 15वाँ वित्त योजनान्तर्गत प्रस्तावित सूची पर स्वीकृति हेतु की गई कार्यवाही, लोक निर्माण विभाग अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो की समीक्षा की जायेगी। इसके अतिरिक्त जैवविविधता समिति एवं वन समिति की बैठक के आयोजन न किये जाने, खाद वितरण प्रक्रिया, शासन की गाईड लाईन पर चर्चा, 01 अप्रैल 2022 से वर्तमान तक दुकानदारों को आबंटित खाद तथा म अध्यक्ष महोदया की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की जावेगी।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 03 मार्च 2023

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# केल्डरीज कंपनी से नगर निगम ने वसूले 41 लाख

## बकाया करों की वसूली के लिए नगर निगम ने तेज किया अभियान, बकायादारों पर कार्रवाई की तैयारी



**कटनी, यशभारत।** वित्तीय वर्ष 2022-23 समाप्ति की ओर है। जिसको लेकर बकाया करों की वसूली के लिए अभियान तेज हो गया है। जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के साथ ही नगर निगम के राजस्व विभाग के अधिकारी भी वित्तीय वर्ष समाप्ति के पहले बकाया करों की वसूली के लिए जुटे हुए हैं। संपत्ति कर के साथ ही जल करों और नगर निगम स्वामित्व की दुकानों से किराए की राशि जमा कराने के लिए वार्ड वार शिविरों के भी आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नगर निगम प्रशासन ने केल्डिरीज कंपनी में पहुंचकर यहां से 41 लाख रूपए बकाया करों को जमा कराया है। बताया जाता है कि नगर निगम के राजस्व विभाग के अधिकारियों ने यहां पहुंचकर दस्तावेजों की बारीकी से जांच पड़तान की। जांच में कंपनी के ऊपर 41 लाख रूपए बकाया निकला, जिसे कंपनी द्वारा जमा किया गया। राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक ने बताया कि पूर्व में कंपनी द्वारा 13 लाख रूपए जमा कराया जाता था। नगर निगम के राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक ने बताया कि अभियान के तहत 27 फरवरी को 4 लाख 68 हजार रूपए, 28 फरवरी को 48 लाख रूपए, 1 मार्च को 6 लाख 50 हजार रूपए एवं 2 मार्च को 11 लाख 59 हजार रूपए निगम कोष में जमा कराए गए हैं।

### महापौर व कमिश्नर ने की अपील

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शहर के नागरिकों से कहा कि भवन, जलकर एवं निगम स्वामित्व की दुकानों की बकाया राशि का भुगतान अति शीघ्र जमा कर नगर निगम द्वारा लगाए जा रहे शिविरों का फायदा उठाकर शहर विकास में अपना सहयोग प्रदान करें। आयुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि जिनकी बकाया राशि समय पर जमा नहीं हो रही है, उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### बड़े बकायादारों पर पैनी नजर

नगर निगम द्वारा बड़े बकायादारों पर पैनी नजर रखी जा रही है। जिन लोगों ने पिछले कई सालों से नगर निगम के संपत्ति कर एवं जल कर की राशि जमा नहीं की है, उनकी लिस्ट तैयार करते हुए सख्ती के साथ कर वसूलने की प्रक्रिया को अंजाम दिया जा रहा है। यदि समय रहते ऐसे उपभोक्ताओं द्वारा करों की राशि जमा नहीं कराई जाती है तो आगामी समय में 5 गुना पेनाल्टी वसूलने की प्रकिया शुरू की जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने ऐसे उपभोक्ताओं से कहा है कि अप्रिय कार्यवाही से बचने के लिए समय पर वास्तविक नाप के आधार पर टैक्स जमा कराएं।



### वार्ड वार आयोजित हो रहे शिविर

वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अब केवल कुछ ही दिन शेष बचे हैं। शेष दिनों में नगर निगम सीमा अंतर्गत स्थित भवन स्वामियों को बकाया राशि जमा करने हेतु वार्ड वार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें भवन स्वामियों, नल कनेक्शन धारियों एवं नगर निगम स्वामित्व की दुकानों के मालिकों से बकाया करों और किराए की राशि जमा कराई जा रही है। इसी कड़ी में राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, प्रकाश पांडे, मुकेश राजपूत द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क करते हुए जल्द से जल्द बकाया राशि जमा करने का आग्रह किया जा रहा है। उन्होंने टैक्स बकायादारों को स्पष्ट रूप से कहा कि बकाया राशि जमा न होने की स्थिति में कुर्की वारंट तालाबंदी की कार्रवाई संबंधित के विरुद्ध नल विच्छेद करने कार्यवाही की जाएगी।



# विगढ़ में आपसी भाईचारे के बीच मनेगा होली का पर्व

### शांति समिति की बैठक में निर्णय, निर्देशों का होगा पालन

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** होली को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए विजयराघवगढ़ तहसील कार्यालय में एसडीएम महेश मंडलोई व एसडीओपी उमराव सिंह की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि 7 मार्च को होलिका दहन व 8 मार्च को रंग गुलाल खेला जाएगा। सभी अपने दायित्वों का निर्वहन कर पर्व मनाएंगे, साथ ही परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर द्वारा डीजे प्रतिबंधित करने के आदेश का पालन किया जाए। नियम कानून का उल्लनंघन न करें तथा त्योहार को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाते हुए किसी पर बिना मर्जी के रंग गुलाल लगाकर पर्व को विवादित न करे। शराब विक्रय पर पाबंदी रहेगी। शराब बिक्री की सूचना पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी। एडवोकेट नूर मोहम्मद सिद्दीकी ने कहा कि विगढ़ में हर त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यहां हिन्दू मुस्लिम एकता का परिचय देते हुए सभी लोग एक दूसरे की खुशी में शामिल होते हैं। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष बसुधा मिश्रा, जनपद अध्यक्ष सुधा कोल, उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान, मनीष देव मिश्रा, जयवंत सिंह चौहान, हरीश दुबे, रमाकांत तिवारी, मनोज बड़गैया, राकेश गुप्ता, गीता नारायण, अब्दुल खालिक, इस्तफाक खान, बलराम सोनी, अनिल ताम्रकार, रवि मिश्रा, बलराम गुप्ता, साहब लाल, गुड्डू बघेल, सुरेन्द्र दुबे, जागेश्वर प्रसाद मिश्रा, प्रवेश मिश्र, मो लईक, मो निजामुद्दीन की उपस्थिति रही।



# नृत्य नाटिका के मंचन से युवाओं को मिलती है प्रेरणा



पद्मश्री बाबा योगेंद्र की जन्म शताब्दी पर जयतु भरतम नाटक का मंचन

**कटनी, यशभारत।** साहित्य रंगमंच एवं विविध कलाओं को समर्पित अभा संस्था संस्कार भारती एवं विंग्स थिएटर सोसायटी आर्ट्स एंड कल्चरल समिति कटनी द्वारा आरएसएस के प्रचारक पद्मश्री बाबा योगेंद्र के जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में योगेंद्र महोत्सव एवं भारत माता पूजन के अंतर्गत आराधना कार्यक्रम अखिल भारतीय प्रचारक निरंजन पांडा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम संस्कृति पर्यटन एवं अध्यात्म मंत्री उषा ठाकुर की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में नृत्य नाटिका जयतु भरतम का मंचन किया गया, जिसमे विंग्स थिएटर के डायरेक्टर और फिल्म थिएटर के एक्टर हिम्मत गोस्वामी ने प्रमुख भूमिका निभाई। नृत्य नाटिका की परिकल्पना, निर्देशन नीरजा सक्सेना तथा लेखन बोधमिता श्रीवास्तव ने किया। नृत्य नाटिका को सफल बनाने में कथक के सुप्रसिद्ध कलाकार संस्कार भारती भोपाल की सह महामंत्री दुर्गा मिश्र, प्रियंका जोशी, संस्कार भारती भोपाल के कलाकारों, सदस्यों, साथियों, पदाधिकारियों का सहयोग रहा। विंग्स थिएटर के डायरेक्टर हिम्मत गोस्वामी ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर ने विंग्स थिएटर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए। जिससे युवाओं को आगे बढ़ने एवं अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है।

# माधवनगर के कई वार्डों में गहराया पेयजल संकट

### बाबा नारायण शाह वार्ड में बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हो रहे नागरिक



**कटनी, यशभारत।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में पेयजल संकट गहरा रहा है। आलम यह है कि नलों में पानी नहीं आ रहा है। लोगों ने बताया कि बाबा नारायण शाह वार्ड क्रमांक 39 के मतदान केंद्र के समीप रहने वाले लोग पीने के पानी के लिए काफी परेशान हैं। यहां विगत कई वर्षों से पेयजल की समस्यस है। पिछले वर्ष अमृत जल योजना के अंतर्गत बिछाई गई पाईप लाइन में पानी नहीं आ रहा है। नगर निगम से अमृत जल योजना से संबंधित अधिकारियों से जानकारी मांगे जाने रटा रटाया जवाब दिया जाता है। एक हफ्ते में जल समस्या का निराकरण होगा। आज तक इस समस्या का निदान नहीं हो सका है, वहीं लोगों को जिनके घर बोरिंग की सुविधा नहीं है, पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। उक्त पेयजल समस्या के संबंध में आज वार्ड वासियों ने कलेक्टर अवि प्रसाद को ज्ञापन देकर अवगत कराते हुए कहा कि पेयजल की गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए बंद पड़ी नलजल योजना शुरू कराई जाए। लोगों ने वार्ड के पार्षद श्याम पंजवानी का भी ध्यान इस ओर दिलाया है।

### शांतिपूर्वक मनाएं होली का त्यौहार

**कटनी, यशभरत।** बाकल थाना क्षेत्र के अंतर्गत रंगों का महापर्व होली पर्व के आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन गुरुवार को किया गया। बैठक में थाना प्रभारी किशोर द्विवेदी ने कहा कि होली का त्यौहार सुख और शांतिपूर्वक मनाएं। किसी भी तरह की कोई समस्या होती है तो आप पुलिस को तुरंत फोन लगाएं, ताकि होली का त्यौहार शांति पूर्वक मनाया जाए। इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि होली पर्व के दौरान बोर्ड परीक्षाएं भी आयोजित हैं। जिससे छात्रों को परेशानी न हो। इस दौरान नायब तहसीलदार ऋषि गौतम, कनिष्ठ अभियंता शेख अकील, सरपंच विजय शुक्ला, रामकृपाल आदिवासी, अमन सिंह लोधी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# भागवत कथा में उमड़ रहे श्रद्धालु

### रेलवे कॉलोनी में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन





**कटनी, यशभारत।** रेलवे कॉलोनी स्थित लाल ग्राउण्ड में विगत 26 फरवरी से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में धर्मलाभ लेने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। शाम से लेकर रात तक यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। कथा व्यास मनोज कृष्ण शास्त्री महाराज द्वारा रोजाना दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे प्रवचनों की अमृतवर्षा की जा रही है। भागवत कथा का श्रवण करते हुए श्रद्धालु पुण्यलाभ अर्जित कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक रेलवे कॉलोनी स्थित लाल ग्राउण्ड में 26 फरवरी को श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन कलश यात्रा से शुरू हुआ था। इसी के साथ ही कथा व्यास मनोज कृष्ण शास्त्री महाराज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कराया जा रहा है। चौथे दिन यहां भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर व्यासपीठ से मनोज कृष्ण शास्त्री महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की गोकुल ग्राम में बाल लीला का सुंदर चित्रण किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी, कालिया नाग सहित भगवान की बाललीलाओं का वर्णन किया। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबे रहे। इस अवसर पर प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक भागवत पाठ परायण एवं पूजन किया गया। श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ 5 मार्च तक आयोजित है। विशाल भंडारे के साथ इसका समापन होगा।

### आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगा बजट : भवानी राजा



**कैमोर, यशभारत।** वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा विधानसभा में पेश किया गया बजट अर्थव्यवस्था को एक नई गति प्रदान करते हुए प्रत्येक नागरिक को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस बजट में युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं, किसानों सहित हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। लाडली लक्ष्मी के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की पहल पर शुरू की जा रही लाडली बहना योजना कमजोर वर्ग की महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करेगी। बजट को लेकर यह प्रतिक्रिया भाजयुमो कैमोर के मंडल अध्यक्ष भवानी राजा मिश्रा ने व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के विशेष प्रयासों से विगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कैमोर विवगढ़ व बरही को बायपास की सौगात मिली है जो क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। युवा मोर्चा अध्यक्ष ने इन सौगातों के लिए विधायक एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।

### बजट में कटनी जिले की उपेक्षा : सुनील मिश्रा



**कटनी, यशभारत।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में एक बार फिर कटनी की उपेक्षा हुई। पीरबाबा बायपास चौक से जुहला सुर्की टैंक रिंग रोड, मेडिकल, इंजीनियर कॉलेज, मिनी जू, पीने के पानी की समुचित ठोस व्यवस्था, सूखे पड़े जल स्त्रोतों का जीर्णोद्वार, जर्जर शासकीय स्कूलों की मरम्मत व शिक्षकों की कमी व कई अन्य योाजनाओं को बजट में स्थान नहीं मिलना जनता के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार ने जनता के हितों पर कुठाराघात किया है।

### बरही, विगढ़-कैमोर बायपास की स्वीकृति से हर्ष



**विजयराघवगढ़, यशभारत।** मप्र सरकार के बजट में बरही बायपास मार्ग, विगढ़-कैमोर बायपास मार्ग की स्वीकृति मिलने पूरे विगढ़ विधानसभा क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। भाजयुमो सिंनगौड़ी मंडल के उपाध्यक्ष पीयूष तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार के बजट में विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र को ऐतिहासिक सौगात मिली है। बायपास मार्गों की स्वीकृति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सतेंद्र पाठक का क्षेत्रवासियों ने आभार व्यक्त किया है।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को किया जागरूक

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** विज्ञान महाविद्यालय कैमोर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ एम पी स्वर्णकार के निर्देशानुसार एवं कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने 7 दिवसीय विशेष शिविर धनवाही में लगाया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मतदाता जागरूकता, स्वच्छता, नशा मुक्ति, जल संरक्षण, फाइलेरिया के संबंध में जागरूकता लाने हेतु रैली निकालकर नुक्कड़ नाटक करके भाषण नारे के माध्यम से आदि विभिन्न तरीकों से जागरूक किया। स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम पंचायत धनवाही में हैंडपंप में सोख्ता गड्ढा निर्माण कराया गया, जिससे जल संरक्षण का महत्व लोगों को समझाया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत धनवाही की सरपंच श्रीमती सरिता सिंह, सचिव विजय कुमार पटेल, कार्यक्रम अधिकारी राजेश पटेल, पवन सिंह, आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व छात्रों की उपस्थिति रही।

# पंजाब को 3 विकेट से हराकर लखनऊ महापौर कप के फाइनल में





अखिल भारतीय महापौर चेलेंज कप क्रिकेट टूर्नामेंट

**कटनी, यशभारत।** नगर पालिक निगम के तत्वाधान में 27 फरवरी से फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य में शुरू हुए अखिल भारतीय महापौर चेलेंज कप क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन पहला सेमीफाइनल मैच लखनऊ एवं पंजाब के बीच खेला गया, जिसमें पंजाब टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। निर्धारित 25 ओवर में सभी विकेट खोकर पंजाब ने 153 रन बनाए। पंजाब की ओर से अभिषेक व शुभम ने 26-26 रनों की पारी खेली। पंजाब टीम के कप्तान का टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय उस समय गलत साबित हुआ, जब लखनऊ के गेंदबाजों ने पंजाब पर शुरूआती ओवरों से ही दबाव बनाना शुरू कर दिया। जवाबी पारी खेलते हुए लखनऊ ने 23 ओवरों में ही 154 रन बनाकर जीत हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। लखनऊ की ओर से सलामी बल्लेबाज रवि सिंह ने 41 रन, हिमांशु सिंह ने 24 रन, शुभम राय ने 21 रन की पारी खेली। लखनऊ के रवि सिंह को मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उन्होंने गेंदबाजी करते हुए 5 ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया। पंजाब की ओर से स्पर्श ने 2 एवं रितेश गुर्गे ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार युवा नेता गौरव संजीव सूरी की तरफ से वरिष्ठ खिलाड़ी ओ पी श्रीवास्तव द्वारा रवि सिंह को प्रदान दिया गया। मैच में अपांयरिंग बीसीआई लेबल वन के अंपायर संदीप बक्श एवं उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के रजिस्टर्ड अंपायर सारिक उस्मानी ने की। कामेंट्री पर हरीशंकर बाजपेयी एवं राजेश रोहरा रहे। ऑनलाइन स्कोरिंग शशांक निषाद द्वारा की जा रही है। इस अवसर पर डीसीए के सचिव राजेश डेविड, विभाष पाटिल, राजू बरसैंया, संजय गिरी, नरेश अग्रवाल, पवन यादव, अजय सरावगी, राजेश पटेल, राकेश सोनी, मृणाल बैनर्जी, हरीशंकर बाजपेयी, अंतिम गुप्ता, प्रदीप पुरवार, विजय रजक, विकास रजक, रिंकू बनाफर विनीत सिंह बघेल उपस्थित रहे। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 2 लाख रूप एवं उपविजेता टीम को एक लाख रूप का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा टीमों और खिलाड़ियों को महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा डेढ़ लाख रूप के व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। टूर्नामेंट में देश की नामचीन टीमें लखनऊ कानपुर इलाहाबाद इंदौर जबलपुर पंजाब बनखेड़ी नागपुर दिल्ली एवं कटनी की टीमें भाग ले रही हैं। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने शहर के खेल प्रेमियों से फारेस्टर प्लेग्राउण्ड पहुंचकर मैचों का लुत्फ उठाने एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया है।

### श्वानों में फैल रही वायरस बीमारी

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** क्षेत्र के श्वानों में पारवो वायरस बीमारी के कारण उनकी हालत गंभीर हो रही है। पशु चिकित्सकों की मानें तो फरवरी से मार्च के बीच मौसम बदलाव के कारण श्वानों में सबसे घातक बीमारी पारवो वायरस हो जाता है, जिनका वैक्सीनेशन हो जाता है वह तो बच जाता है, जिनका वैक्सीनेशन नहीं होता उन श्वानों की आतों में संक्रमण हो जाता है। डॉक्टर आरपी बहेलिया ने बताया कि वैक्सीनेशन से पारवो वायरस बीमारी से निजात पाना संभव है।

किराए से देना है
एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति
एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है
संपर्क-8109417340






### नेशनल पार्क में गड़बड़ी को लेकर

# विधायकों ने वन मंत्री विजय शाह को घेरा

■ भोपाल, यशभारत।

विधानसभा में कान्हा और पेंच नेशनल पार्क में गड़बड़ियों का मुद्दा उठाकर विधायकों ने वन मंत्री विजय शाह को घेरा। कांग्रेस के विधायकों ने प्रश्नकाल में निर्माण कार्य के नाम पर अनियमितता करने, भूमि लेने के बाद भी निर्माण कार्य न कराने, बिना अनुमति बनाए गए व्यावसायिक भवनों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विषय उठाया। साथ ही कहा कि आदिवासियों के साथ अन्याय हो रहा है, जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय स्तर पर न तो रोजगार दिया जा रहा है और न ही नियमानुसार जो राशि मिलनी चाहिए, वह दी जा रही है। इस पर वन मंत्री ने जांच कराने का आश्वासन दिया और कहा कि यदि गड़बड़ी हुई तो दोषियों को नहीं छोड़ा जाएगा। अर्जुन सिंह काकोडिया ने पेंच नेशनल पार्क से चार वर्ष में हुई आय और आदिवासी समुदाय के विकास के लिए किए गए प्रयासों को लेकर प्रश्न किया। उन्होंने कहा कि प्रश्न आय से संबंधित पूछा जा रहा है और उत्तर खर्च का दिया जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि मजाक चल रहा है। एक ही समिति को एक करोड़ रुपये बर्तन खरीदने के लिए दे दिए। वन विभाग को 36 हेक्टेयर भूमि दी पर बदले में कालेज व स्कूल के लिए भूमि नहीं मिली।इस पर वन मंत्री ने कहा कि दो करोड़ 52 लाख रुपये की आय हुई। इसमें से 33 प्रतिशत समितियों को दिया। यह राशि गई या नहीं, इसकी जांच करा लेंगे। इस उत्तर से काकोडिया संतुष्ट नहीं हुए और अपनी बात जारी रखी। इस पर नेता प्रतिपक्ष डा.गोविंद सिंह ने कहा कि यह गंभीर मामला है। जांच कराई जाए। पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि हमें गर्व है कि प्रदेश टाइगर स्टेट है। स्थानीय लोगों को यह अहसास होता है कि नेशनल पार्क होने का उन्हें होने लाभ नहीं है। इसको लेकर हमें सोचना होगा कि उन्हें कैसे फायदा हो। संसदीय कार्यमंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा ने इससे सहमति जताई।इसी तरह नारायण सिंह पट्टा ने कान्हा नेशनल पार्क का आसपास बिना अनुमति बने व्यावसायिक भवन संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई न होने का विषय उठाते हुए कहा कि निर्देश दिए जाने के बाद भी एफआइआर तक नहीं हुई है। उन्होंने सरही गेट से प्रवेश देने का विषय भी उठाया। इस पर वन मंत्री ने कहा कि एक माह में सभी कार्यवाही हो जाएगी। सरही गेट से ही टिकट भी देंगे।



**विधायक लाखन सिंह बोले- वन विभाग ने काम ही नहीं किए, मंत्री शाह का चेलेंज- ऐसा है तो इस्तीफा दे दूंगा**

प्रश्नकाल में भितरवार से विधायक लाखन सिंह ने कहा कि मेरे क्षेत्र में वन विभाग ने काम ही नहीं किया। इस आरोप पर वन वन मंत्री विजय शाह ने कहा कि यदि काम नहीं हुए तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। इस पर विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने मंत्री से कहा कि आप अधिकारियों की जिम्मेदारी अपने ऊपर ना लें। विधायक लाखन सिंह ने मामले में भोपाल स्तर से समिति बनाने और उसमें उन्हें भी शामिल करने की मांग की। इस पर मंत्री ने उनको समिति बनाकर जांच कर विधानसभा में रिपोर्ट देने की बात कही।

# सात साल में मध्य प्रदेश में 190 बाघ और 251 तेंदुओं की मौत

## बाघों की सुरक्षा के लिए जहां संरक्षित क्षेत्र बढ़ाए

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में सात साल में 190 बाघ और 251 तेंदुओं की मौत हुई है। विधायक जीतू पटवारी के सवाल के लिखित जवाब में वनमंत्री विजय शाह ने विधानसभा में यह जानकारी दी है।उन्होंने बताया कि बाघों की सुरक्षा के लिए जहां संरक्षित क्षेत्र बढ़ाए गए हैं, वहीं नियमित गश्त, बिजली लाइनों का निरीक्षण और सूचना तंत्र विकसित किया गया है। इंदौर चिड़ियाघर से ग्रीन जुलोजिकल रेस्क्यू एंड रिहेबिलिटेशन सेंटर जामनगर गुजरात बाघ भेजने के बदले मिलने वाले प्राणियों के सवाल पर उन्होंने बताया कि इनके बदले विदेशी पक्षी, स्तनपायी और सर्प लिए जा रहे हैं। मंत्री बताते हैं कि केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की अनुमति से विभाग ने एक बाघ दिया है इसके बदले रिहेबिलिटेशन सेंटर ने चार रेस्क्यू वाहन, प्रयोगशाला के लिए उपकरण उपलब्ध कराए हैं। पटवारी ने पूछा कि वन्यप्राणी की कीमत पर 15 करोड़ रुपये अनियमित खर्च किए गए हैं। इस पर मंत्री के कहा कि वन्यप्राणियों की कीमत का आकलन नहीं किया जाता है।





मंत्री ने बताया कि वर्ष 2014 से 2018 तक 120 बाघ और 209 तेंदुओं, वर्ष 2020 से 2022 तक 70 बाघ और 42 तेंदुओं की मौत करंट लगने, फंदे में फंसने आपसी लड़ाई और प्राकृतिक रूप से हुई है। शाह ने बताया कि वन्यप्राणियों की मौत के कुछ मामले में आरोपित पकड़े गए हैं।

### ट्रक को ओवरटेक करने के फेर में गिरा बाइक सवार

# एक की मौत, दो गंभीर घायल

■ भोपाल, यशभारत।

भोपाल के निशातपुरा थाना क्षेत्र में तीन युवक एक बाइक से जा रहे थे। एक ट्रक को ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक स्लिप हो गई, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। निशातपुरा पुलिस के अनुसार, नजीराबाद थाने के ग्राम धनोरा निवासी अंकित गौर पुत्र मायाराम (22) करोंद में किराए का कमरा लेकर रहता था और एक होटल में काम करता था। बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात करीब पौने दो बजे अंकित अपने साथी बल बहादुर और रामपाल के साथ अपनी बाइक से भानपुरा से करोंद स्थित अपने कमरे की ओर आ रहा था। एक बाइक से तीनों राजवंश होटल के सामने पहुंचे, तभी युवकों की बाइक के आगे चल रहे एक ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया। बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक से टकराने के बाद स्लिप हो गई। हादसे के बाद तीनों युवक सड़क पर कई फीट तक घिसटते हुए चले गए। हादसे में बाइक चला रहे अंकित गौर की मौके पर मौत हो गई। अंकित बाइक चलाते समय हेलमेट नहीं पहने हुए था। सिर में गंभीर चोट के कारण ही उसकी मौत हुई है। पुलिस का मानना है कि अगर अंकित हेलमेट पहने होता तो उसकी जान बच सकती थी। जबकि उसके साथ बल बहादुर और रामपाल को मामूली चोट आई है। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मोर्चरी में रखवा दिया था। गुरुवार को दिन में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को पुलिस ने सौंप दिया है। हादसे के बाद पुलिस टक्कर मारने वाले ट्रक की तलाश कर रही है।



# पद रिक्त होने पर भी उप पुलिस अधीक्षकों की पदोन्नति के लिए नहीं हो रही डीपीसी


■ भोपाल, यशभारत।

प्रदेश में उप पुलिस अधीक्षकों (डीएसपी) की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के पद पर पदोन्नति नहीं हो पा रही है। इसकी वजह यह कि डीपीसी वर्ष में एक बार करने का नियम है। उधर, कई अधिकारी तो पदोन्नति की प्रतीक्षा में सेवानिवृत हो चुके हैं। एएसपी स्तर के अभी 40 पद रिक्त हैं । चार मई 2022 को हुई विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में 2012 बैच के 17 उप पुलिस अधीक्षकों को पदोन्नत किया गया था। अब 2013 बैच के उप पुलिस अधीक्षक भी पदोन्नति की मांग कर रहे हैं।पदोन्नति का इंतजार करने वाले पांच से 10 डीएसपी प्रतिवर्ष सेवानिवृत हो रहे हैं। इनमें सीधी भर्ती के अलावा निरीक्षण से पदोन्नत हुए डीएसपी भी शामिल हैं। पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि 2022 में जिन पुलिस अधीक्षकों को पदोन्नति किया गया था, उनमें 11 सीधी भर्ती और छह पदोन्नति वाले थे। अभी भी 40 पद रिक्त हैं। पुलिस मुख्यालय और गृह विभाग के अधिकारी समन्वय बनाकर 2013 बैच के बाद के डीएसपी के लिए भी डीपीसी कर सकते थे। इसकी वजह यह कि इसमें ज्यादा वित्तीय भार शासन पर नहीं आ रहा था।बता दें कि डीएसपी से एएसपी के पद पर उन अधिकारियों को पदोन्नत किया जाता है जिनका सेवा रिकार्ड अच्छा होता है। इसके अलावा डीएसपी के रूप में आठ वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो। 2013 बैच के डीएसपी भी इन शर्तों पर खरे थे।

# शहर में 692 जगहों पर पेड़ों को काटकर किया अतिक्रमण

■ भोपाल, यशभारत।

एनजीटी की भोपाल बेंच ने 1986 से 2021 के बीच शहर में लगाए गए 42 लाख पेड़ों को काटकर शासकीय जमीन पर किए गए अतिक्रमणों की विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग और नगर निगम को छह सप्ताह का समय दिया है। याचिकाकर्ता डा. सुभाष सी पांडेय की रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए बेंच ने नगरीय प्रशासन सचिव, भोपाल नगर निगम आयुक्त, डीएफओ भोपाल और मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल की संयुक्त टीम को छह सप्ताह में प्रतिवेदन देने के आदेश दिए हैं। मामले में मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल को नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है।राजधानी परियोजना वन मंडल द्वारा शहर में भोज वेटलैंड



## एनजीटी ने मांगी विस्तृत रिपोर्ट

परियोजना के तहत 17.68 लाख पेड़ लगाए गए थे। इसके अलावा सामान्य वन मंडल भोपाल से हस्तांतरित 6.47 लाख पेड़, शहरी पौधारोपण के 17.97 लाख पेड़ों की सुरक्षा और उनके रखरखाव की जिम्मेदारी भी राजधानी परियोजना वन मंडल को दी गई थी, लेकिन तीन दशकों में शहर में लगे इन पेड़ों को काटकर शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया। अतिक्रमण हटाने को लेकर राजधानी परियोजना वन मंडल के डीएफओ ने 10 दिसंबर 2021 को नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर इन अतिक्रमणों को हटाने के लिए पत्र लिखा था। बता दें कि शहर में ऐसे 692 अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं, जिन पर बड़े अस्पतालों, राजनेताओं और बड़े कारोबारियों ने भी अतिक्रमण कर रखा है।

विभिन्न परियोजनाओं के तहत रोपित पौधों की जानकारी

1. भोजवेट लैंड परियोजना के तहत लगाए पेड़ =17,68,038
2. 1989 से 2021 के बीच किया गया पौधारोपण =17,97,613
3. वनमंडल भोपाल से हस्तांतरित पेड़ = 6,47,714

कुल पौधे =42,13,365

## न्यूज ब्रीफ



### कांग्रेस का दांव, सत्ता मिली तो सिलेंडर पर देगी 500 रुपये की सब्सिडी

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में बजट सत्र के दौरान कांग्रेस ने गैस सिलेंडरों के बढ़े दाम पर सब्सिडी का दांव खेला है। सदन में कांग्रेस ने वादा किया कि प्रदेश में वह सत्ता में आई तो सिलिंडरों पर 500 रुपये की सब्सिडी देगी। आगामी विधानसभा चुनाव में महिलाओं को रिझाने का कांग्रेस का यह बड़ा हथियार माना जा रहा है। उधर, महिलाओं के लिए शिवराज सरकार द्वारा बजट में रखी गई एक तिहाई राशि को लेकर भाजपा चुनाव मैदान में उतरेगी। कांग्रेस ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने का दांव भी फिर आजमाना शुरू किया है। बता दें कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने सिलेंडर पर सब्सिडी का प्रावधान किया है। मप्र विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस शासित राज्यों में चल रही योजनाओं का अध्ययन कर इन्हें वचन पत्र में शामिल करने की तैयारी कांग्रेस ने की है। सिलिंडर में सब्सिडी देने की घोषणा भी कांग्रेस वचन पत्र में शामिल कर सकती है।

### रिश्ता तोड़ने पर लड़की के पिता का टपरा फूंका

■ भोपाल, यशभारत।



राजधानी के देहात थाना नजीराबाद में एक शादी का रिश्ता टूटने की बात को लेकर गुर्जर समाज के दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया। लड़का पक्ष के लोगों ने लड़की के पिता की टपरी में आग लगा दी। पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।दरअसल, गुर्जर समाज में रिश्ता तोड़ने को लेकर जुर्माना वसूल करने की चली आ रही प्रथा को लेकर आगजनी और फसल खराब की गई। अब समाज की पंचायत बैठेगी और दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुनाएगी। हालांकि, पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।नजीराबाद थाना प्रभारी बीपी सिंह के अनुसार, बडली गांव निवासी सरजन सिंह गुर्जर किसान हैं। गत दिनों बैरसिया इलाके में रहने वाले इमरत सिंह गुर्जर और मालम सिंह गुर्जर ने उनके टपरे में आग लगा दी और खेत में खड़ी गेंहू की फसल को काट कर नुकसान पहुंचाया। इस मामले में पीड़ित ने एक शिकायत की थी, जिसकी जांच के बाद पुलिस ने आरोपी इमरत सिंह गुर्जर और मामल सिंह गुर्जर के खिलाफ आगजनी और फसल काटकर नुकसान पहुंचाने का केस दर्ज किया है। फरियादी सरजन सिंह ने एक साल पहले अपनी बेटी का रिश्ता आरोपी इमरत सिंह के साथ किया था। इस दौरान इमरत सिंह अपनी होने वाली बहू को नगदी और जेबरात चढ़ावे में दिए थे। लेकिन सरजन सिंह गुर्जर ने यह रिश्ता तोड़ दिया।

### मप्र के नगरीय निकायों में बनेगी शिव वाटिका

# सीएम शिवराज के जन्मदिन पर रोपे जाएंगे 23 हजार से अधिक पौधे

■ भोपाल, यशभारत।

लाड़ली लक्ष्मी वाटिका की तरह प्रदेश के सभी 413 नगरीय निकायों में चशिव वाटिकाज्ञ बनाई जा रही है। निकाय शहर में किसी एक पार्क का चशिव वाटिकाज्ञ के रूप में चयन करेंगे। भोपाल में चयनित होने वाली वाटिका का अपने जन्म दिवस (पांच मार्च) पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लोकार्पण करेंगे और महिलाओं के साथ पौधे रोपेंगे। यह कार्यक्रम ठीक आठ बजे शुरू होगा और पूरे प्रदेश में एक साथ 23 हजार 360 पौधे रोपे जाएंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि उस दिन चौहान 64 वर्ष यानी 23 हजार 360 दिन के हो रहे हैं। मुख्यमंत्री पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार काम कर रहे हैं। इस अभियान से आमजन को लगातार जोड़े रखने के लिए शिव वाटिका बनाई जा रही हैं, जिनमें लगातार पौधारोपण किया जाएगा।



शिव वाटिका के लिए पार्कों के चयन और अन्य तैयारियों को लेकर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने गुरुवार को बैठक की, जिसमें अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पार्कों का चयन जल्द कर लिया जाए और उनमें पौधारोपण की पूरी तैयारी कर ली जाए। वाटिका में स्थानीय प्रजाति के पौधे रोपे जाएं। उन्होंने कहा कि शिव वाटिका में महिलाएं प्राथमिकता से पौधारोपण करेंगी।

### 6 मार्च को प्रदेश भर की यातायात व्यवस्था की कमान महिला पुलिसकर्मी संभालेंगी

**भोपाल , यशभारत।** महिला सशक्तिकरण का संदेश देने व महिलाओं के आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा 6 मार्च को महिलाओं को सूबे में यातायात व्यवस्था की कमान सौंपी जाएगी। वहीं प्रदेश भर में यातायात जागरुकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। बता दें हर वर्ष 8 मार्च को विश्व महिला दिवस मनाया जाता है, लेकिन इस वर्ष महिला दिवस के दिन ही होली होने के कारण 6 मार्च को यातायात विभाग द्वारा यह पहल की जाएगी। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के साथ ही इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और प्रदेश के अन्य शहरों में उपलब्ध पुलिसबल की सहायता से उत्तम गणवेश में महिला अधिकारी एवं कर्मचारी यातायात नियंत्रण के कार्य को संचालित करेंगी। प्रदेश के शहरों के सभी चौराहों पर महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी ही लगाई जाएगी।

### मप्र विधानसभा के इतिहास के वे तीन घटनाक्रम

# जब विधायकों को किया गया निलंबित

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश विधानसभा के इतिहास में विधायकों को निलंबित करने का मामला पहली बार नहीं है। इसके पहले भी मार्च 1966 में विधानसभा उपाध्यक्ष नर्मदा प्रसाद श्रीवास्तव, मार्च 1991 में अध्यक्ष बृजमोहन मिश्रा और फरवरी 2003 में अध्यक्ष ईश्वर दास रोहाणी द्वारा विधायकों को निलंबित किया गया था।



उल्लेखनीय है कि विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक व पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सरकार के खर्च पर खाना खिलाने का मुद्दा उठाया। साथ ही गुजरात के जू में बाघ, घड़ियाल आदि भेजने और बदले में चिड़िया, भेड़ व बकरी खरीदने की बात कही। इस मामले पर सदन में इतना हंगामा हुआ कि तीन बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इसके बाद संसदीय कार्यमंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा ने जीतू पटवारी को निलंबित करने का प्रस्ताव रखा। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने उन्हें खेद जताने के लिए कहा, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया और फिर पटवारी को बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया।

**सदन में ये तीन प्रकरण रहे विशेष**

17 मार्च 1966 - विधानसभा में हरिभाऊ जोशी, पंढरीराव कुदत, देवी सिंह पटेल, रामस्वरूप वर्मा और रामप्रकाश मल्होत्रा ने अध्यक्षीय पीठ के अधिकार की उपेक्षा की और हठपूर्वक, जानबूझकर कार्य में बाधा डालकर सभा के नियमों का दुरुपयोग किया। इस दौरान पंढरीराव कुदत ने सीट छोड़कर चिल्लाते हुए विधानसभा उपाध्यक्ष को मारने के लिए अपने पैर से एक चप्पल निकालकर उनकी और फेंका था। इन पांचों विधायकों को एक सत्र के लिए सभा की सेवा से निलंबित कर दिया गया था। 20 मार्च 1991 - विधायक उमाशंकर मुंजारे, धीरेन्द्र सिंह धीरू और जयकरण साकेत आसंदी के समीप आ गए थे।

### मुख्यमंत्री शिवराज से मिली लोकसभा की पूर्व स्पीकर सुमित्रा महाजन

# इंदौर में नशे की प्रवृत्ति एवं पब की बढ़ती संख्या पर रोक लगाने के लिए कहा

■ भोपाल, यशभारत।

पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने गुरुवार को भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से विशेष भेंट की। महाजन ने इस मौके पर इंदौर में हुए महिला प्राचार्य को जलाने के जघन्य कांड तथा शहर में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति एवं पब की बढ़ती जा रही अपसंस्कृति पर रोक लगाने के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया। महाजन ने मुख्यमंत्री विभिन्न विषयों पर एक घंटे तक बातचीत की और दो पत्र सौंपे। एक पत्र में उन्होंने महिला प्राचार्य को जिंदा जलाए जाने वाले प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए ना केवल अपना दुख जताया अपितु पुलिस प्रशासन एवं कालेज संचालकों को भी कटघरे में खड़ा किया।



उन्होंने कहा कि यह घटना इंदौर की संस्कृति के खिलाफ है तथा मैं इससे इंदौर के मान पर काला धब्बा मानती हूं। पुलिस प्रशासन समय रहते चेत जाता तो शायद यह घटना नहीं होती। मैंने स्वयं जाकर कॉलेज कैंपस का निरीक्षण किया तथा वहां कुछ महत्वपूर्ण बातें भी नोट की। वहां बहुत बड़ा एरिया है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था बिल्कुल नहीं है। बाउंड्री वाल भी टूटी हुई है। सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जाना चाहिए। शिक्षा के नए संकुल जहां भी खुलें वहां भी नियमों का कठोरता से पालन करवाया जाना जरूरी है। महाजन ने कहा कि इस मामले में पुलिस अधिकारी का सस्पेंशन ही पर्याप्त नहीं है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसलिए समूचे प्रशासन को सचेत रहना होगा। महाजन ने अपने दूसरे पत्र में शिक्षा के बढ़ते प्रसार के साथ बढ़ रहे होस्टल कल्चर पर चर्चा करते हुए कहा कि इसके साथ ही शहर में अपराध भी बढ़ने लगे हैं। युवक-युवतियों में नशे की संस्कृति, पब कल्चर का बढ़ता हुआ चलन शहर में अनायास अपराधों में वृद्धि कर रहा है। अपराध की प्रवृत्ति भी ऐसी है कि ऐसी घटनाएं पहले शहर में कभी नहीं घटी। शहर की संस्कृति प्रदूषित न हो इसलिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने होंगे।



### एस आफ क्लब में आबकारी विभाग की टीम का छापा, दो लाख की शराब जब्त

■ भोपाल, यशभारत।

होली से पहले आबकारी विभाग ने भोपाल में अवैध शराब बेचने के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। आबकारी की टीम ने बावड़िया कला स्थित एस आफ क्लब पर पहुंचकर छापा मारा। जहां आबकारी टीम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी तो देखते ही क्लब के कर्मचारी यहां-वहां भागने लगे लेकिन कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बेचने के मामले में क्लब के मैनेजर को धर दबोचा और दो लाख कीमत की शराब बरामद की है।आबकारी कक्ष प्रभारी सजेंद्र मोरी ने बताया कि बुधवार रात को सूचना मिल रही थी कि बावड़िया कला स्थित एस आफ क्लब में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। इसकी जानकारी मिलते ही टीम ने क्लब में दबिश देकर कार्रवाई की है जहां से भारी मात्रा मे महंगी शराब बरामद की गई है। जिसमें हाई रेंज की 60 बोतल स्प्रिट और 56 बोतल बीयर जब्त की गई है। जप्त शराब की कीमत लगभग दो लाख रुपये बताई हैं। आबकारी विभाग की टीम ने आरोपित मैनेजर जीविन ज्योति श्रीधरन निवासी साईनाथ नगर भोपाल को मौके से गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज कर लिया है। सजेंद्र मोरी ने बताया कि टीम लगातार दुकानों का निरीक्षण कर रही है।




# बजट में बायपास की सौगात से कैमोर, बरही और विजयराघवगढ़ में मना जश्न

## भाजपा नेताओं ने मिठाई बांटकर किया खुशी का इजहार

**कैमोर,यशभारत।** मध्यप्रदेश की विधानसभा में बीते बुधवार को प्रदेश के वित्तमंत्री एवं कटनी जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा सत्र 2023-24 के लिए बजट पेश किया गया। इस बजट में विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण मांगो के लिए राशि का प्रावधान किया गया है। क्षेत्र के लोग एक लंबे समय से कैमोर-विजयराघवगढ़ एवम बरही में बायपास की मांग कर रहे थे। विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक स्वयं दोनों बायपास स्वीकृत कराने लगातार प्रयास कर रहे थे। अन्ततः विधायक के प्रयासों को कामयाबी मिल ही गई। राज्य सरकार ने इन दोनों बायपास के लिए बजट में 50 करोड़ की राशि का प्रावधान किया है। उल्लेखनीय है कि 2014 में संजय पाठक भाजपा से पहली बार प्रचंड मतों से जीतकर विधायक निर्वाचित हुए थे। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी को लगभग 53 हजार मतो से हराया था। इस ऐतिहासिक जीत के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान क्षेत्र के मतदाताओं का आभार व्यक्त करने कैमोर पहुंचे थे। एसीसी जिमखाना क्रिकेट मैदान में आयोजित एक विशाल सभा में विधायक संजय पाठक ने मुख्यमंत्री से कैमोर- विजयराघवगढ़ क्षेत्र के लिए बायपास की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने कैमोर की सभा में ही बायपास को स्वीकृति प्रदान कर दी थी। इसी तरह फरवरी 2021 में बरही में आयोजित एक कार्यक्रम में विधायक संजय पाठक ने मुख्यमंत्री से बरही बायपास के लिए आग्रह किया था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कैमोर विजयराघवगढ़ के बाद बरही में बायपास की मांग को भी मंजूरी प्रदान कर दी थी। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद विधायक संजय पाठक लगातार सक्रिय रहे पर किन्हीं कारणोंवश इन प्रस्तावों को बजट में स्वीकृति नहीं मिल पाई। इस बार न केवल इन दोनों बायपास के लिए डीपीआर तैयार कर राज्य शासन को भेजी जा चुकी थी बल्कि फाइनल स्टीमेट भी भेज दिया गया था। विधायक संजय पाठक के अलावा सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी इसके लिए प्रयास किया। पिछले दिनों विकास यात्रा के दौरान प्रदेश के वित्त मंत्री एवं कटनी जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा के सामने भी यह मांग रखी गई थी तथा प्रस्ताव राज्य शासन के पास होने की जानकारी दी गई थी। उन्होंने भरोसा दिलाया था कि इन दिनों मांगों को 2023-24 के बजट में शामिल कर लिया जाएगा। अंततः विधायक संजय पाठक के प्रयासों को सफलता मिली और दोनों बायपास के लिए बजट में 50 करोड़ की राशि का प्रावधान कर दिया गया। बुधवार को दोपहर बाद जैसे ही क्षेत्र के लोगों को बायपास स्वीकृत होने की जानकारी मिली क्षेत्र में खुशी की लहर फैल गई कैमोर- विजयराघवगढ़ एवं बरही में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में आतिशबाजी और पटाखे छोड़कर जश्न मनाया वहीं मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। तीनों जगह नगर परिषद अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, वरिष्ठ भाजपा नेताओं एवं पार्षदों ने इसके लिए विधायक श्री पाठक के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा एवं क्षेत्री सांसद वीडी शर्मा के प्रति भी आभार जताया है।

## श्रमिकों को बिना अनुमति दूसरे प्रदेश ले जाने वाले ठेकेदारों पर प्रकरण दर्ज

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशानुसार श्रम विभाग द्वारा कटनी जिले के तहसील बहोरीबंद अंतर्गत ग्राम कोंडिया एवं चाँदनखेडा तथा तहसील विजयराघवगढ अंतर्गत ग्राम उबरा के श्रमिकों को बिना अनुज्ञप्ति के गन्ना कटाई हेतु महाराष्ट्र एवं कर्नाटक ले जाकर श्रमिकों का शोषण करने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम 1979 की विभिन्न धाराओं अंतर्गत प्रकरण मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी न्यायालय कटनी में दर्ज किया गया है। अधिनियम के अंतर्गत दोष सिद्ध होंने पर 02 वर्ष तक की सजा के प्रावधन हैं। विगत दिवस में जिले के श्रमिक महाराष्ट्र एवं कर्नाटक में फंसे हुये थे। जिन्हें कलेक्टर अवि प्रसाद के प्रयासों से सकुशल अपने गृह ग्राम वापस आने की व्यवस्था की गयी थी।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक में लिए अहम फैसले

# जिला चिकित्सालय परिसर में शुरू होगा विद्युत सब स्टेशन



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता मे जिला रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी सभा की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे आयोजित की गई। बैठक के दौरान रोगी कल्याण समिति के सचिव एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ यशवंत वर्मा, सदस्य सर्व श्री हरि सिंह कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, सुबोघ दुबे, डॉ प्रदीप मुड़िया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ एस.पी.सोनी, डॉ मनोरमा गुप्ता, निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, के.पी.कुजूर कार्यपालन यंत्री पी.आई.यू मोहम्मद अयूब खान सहित अन्य आमंत्रित दानदाता अरविंद गुगालिया सहित अन्य सदस्यगणों की मौजूदगी रही। कलेक्टर एवं अध्यक्ष रोगी कल्याण समिति अवि प्रसाद के समक्ष रोगी कल्याण समिति की पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन का प्रस्तुतिकरण सिविल सर्जन एवं सचिव रोगी कल्याण समिति द्वारा किया गया। इस दौरान जिला चिकित्सालय परिसर में कराये जा रहे विकास कार्यो एवं सिविल वार्ड में कराये जाने वाले कार्यो हेतु व्यय राशि की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा बैठक के दौरान जिला चिकित्सालय कटनी में ट्रामा भवन, मेडिकल बोर्ड भवन व एम.सी.एच भवन का नगर निगम आयुक्त, निर्धारित यंत्री व स्वास्थ्य विभाग से निर्माण शाखा के उपयंत्री मिलकर फायर ऑडिट व इलेक्ट्रिक ऑडिट पाई गई कमियों की पूर्ति कराये जाने हेतु सिविल सर्जन एवं नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया गया। चिकित्सालय व निजी संस्थानों में जहां पर नेशनल बिल्डिंग कोड 2016 आने के पहले कार्य हो चुका है उनके लिए प्राक्कलन पुनिरीक्षित किये जाने के निर्देश आयुक्त, नगर निगम को दिए। बैठक के दौरान अधीक्षण यंत्री एम.पी.ई.बी एवं एस.डीओ.पी आई यू द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर मे स्थित विद्युत सब स्टेशन एक सप्ताह में कार्यशील कर दिये जाने की जानकारी प्रदान किये जाने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा तीन प्रशिक्षित कर्मी आउट सोर्स के माध्यम से रखे जाने तथा उनकी शैक्षणिक योग्यता से एस.डी.ओ.पी.आई.यू व सिविल सर्जन को अवगत कराने के निर्देश दिए गए। इस दौरान को चिकित्सालय भवन परिसर में स्थित शव परीक्षण, कारीडोर एवं रैन बसेरा शैड का विद्युतीकरण एवं जल प्रदाय व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़क व सिविल सर्जन को दिए।




## मुड़वारा स्टेशन स्थित यात्री प्रतीक्षालय के टॉयलेट में चोकिंग की समस्या का हुआ निराकरण

**कटनी,यशभारत।** रेल्वे प्लेटफार्म पर सिर्फएक टॉयलेट में दो दिन से लगा ताला लगे होने से यात्रियों को परेशानी होने की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए पश्चिम मध्य रेल स्टेशन प्रबंधक कार्यालय को मामले की जॉच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए।

उक्त संबंध में मुड़वारा स्टेशन प्रबंधन द्वारा अवगत कराया गया की उपरोक्त यात्री प्रतीक्षालय, त्वडज् नीति के आधार पर में. रक्षक सिक्युरिटीज प्रा.लि. नई दिल्ली के व्दारा संचालित किया जा रहा है। शौचालय में ताला बंद होने की जानकारी प्राप्त होते ही स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की जानकारी लिए जाने पर पाया कि शौचालय मैं चौकिंग की समस्या के कारण लाइसेंसी व्दारा दूसरे सिरे पर बने शौचालय अस्थाई रूप से उपयोग हेतु चालू कर दिया था तथा इसमें सुधार होने तक ताला लगा दिया था। ताकि गन्दगी, दुर्गन्ध न बढे। लगभग 01 से 1.30 घंटे के अंदर उपरोक्त बंद शौचालय की चौक अप संबंधी खराबी को ठीक कराके पुनः चालू करा दिया था। इस लापरवाही, सेवा में कमी के लिये लाइसेंसी को नोटिस दिया गया तथा मंडल कार्यालय में इसकी रिपोर्ट की गई। जिस पर मंडल कार्यालय व्दारा तत्काल सख्त कदम उठाते हुये 22 फरवरी को वरि.मं. वाणि. प्रबंधक के समक्ष लाइसेंसी को प्रस्तुत कराया गया तथा उनको चेतावनी देते हुये 05 दिनों के भीतर त्वडज् अनुबंध के अंतर्गत अनुमोदित सारी उन्नयन प्रक्रियाये पूर्ण और कार्यशील स्थिति में करने हेतु कहा गया। अन्यथा उनके विरुद्ध रेलवे व्दारा निविदा शर्तों के तहत रद्दीकरण की कार्यवाही की जाएगी। वर्तमान में शौचालय उपयोग हेतु चालू कर दिया गया है।

# निर्माण एजेंसी की 14 लाख की गारंटी राशि राजसात

### आंगनबाड़ी एवं स्कूलों के ट्यूबवैल मे मोटर पंप स्थापना कार्य में बरती थी लापरवाही



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यो की नियमित की जा रही समीक्षा और कार्यो में गति लाने के निर्देश तथा अनुबंधित एजेंसियों द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही का सिलसिला अनवरत जारी है। ग्रामों के आंगनबाड़ियों और स्कूलों मे ट्यूबवैल मे मोटर पंप स्थापना कार्यो की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने यहां हुए कार्य के लिए अनुबंधित एजेंसी द्वारा काम नहीं शुरू करने पर मेसर्स बालाजी कंस्ट्रक्शन के प्रो0 प्रीति चक्रवर्ती, दुबे कॉलोनी कटनी के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए।

साथ ही कलेक्टर ने अनुबंध निरस्त करने और एजेंसी द्वारा जमा की गई परफार्मेंस गारंटी एवं अतिरिक्त परफार्मेंस गारंटी के रूप मे जमा की गई एफडी.आर. राशि राजसात करने के भी निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश के बाद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एस.एल.कोरी ने मेसर्स बालाजी कंस्ट्रक्शन कंपनी दुबे कॉलोनी द्वारा जमा की गई 14 लाख 41 हजार 960 रूपये की राशि राजसात कर ली। कार्यपालन यंत्री श्री कोरी ने बताया कि विजयराघवगढ़ के सौ ग्रामों, स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रों के ट्यूबवैल मे मोटरपंप स्थापना का अनुबंध मैसर्स बालाजी कंस्ट्रक्शन कंपनी दुबे कॉलोनी कटनी को दिया गया था। लेकिन अनुबंध अवधि 14 माह पूर्व समाप्त हो गई और एजेंसी द्वारा कोई कार्य नहीं किया गया। इन्हे कार्य प्रारंभ करने 14 दिवस का नोटिस भी दिया गया कि आपके द्वारा अनुबंधित कार्य क्यों प्रारंभ नहीं किया गया। लेकिन मेसर्स बालाजी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कोई भी जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसलिए जमा की गई परफार्मेंस गारंटी एवं अतिरिक्त परफार्मेंस गारंटी के रूप मे जमा की गई एफडी.आर. की राशि 14 लाख 41 हजार 960 रूपये जब्त कर लिये गए है।




## अब एप पर उपलब्ध रहेगा ड्राइविंग लाइसेंस

**कटनी,यशभारत।** मध्य प्रदेश के सभी परिवहन कार्यालय काफी लंबे समय से ड्राइविंग लाइसेंस कार्ड की कमी से जूझ रहे हैं। आवेदक ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए परिवहन कार्यालयों में लगातार चक्कर लगा रहे हैं और कार्ड प्राप्त ना होने पर सीएम हेल्पलाइन का सहारा लेते हैं' कार्ड की कमी के कारण उनकी शिकायतों का भी निराकरण नहीं हो पा रहा है। आवेदकों को होने वाली परेशानी से निजात दिलाने के लिए परिवहन विभाग में ऑनलाइन प्रिंट की सुविधा मुहैया कराई है। अब आवेदक डिजिलॉकर एप एवं एमपरिवहन एप से ड्राइविंग लाइसेंस डाउनलोड कर बतौर कार्ड इसका उपयोग कर सकेंगे। वाहन कार्यालय में आवेदकों को इस संबंध में सूचित करने के लिए बैनर एवं सूचना पटल पर सूचना भी लगाई गई है ताकि आवेदकों को कार्ड के लिए परेशान ना होना पड़े।

## पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक 5 को

**कटनी,यशभारत।** पेंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश भोपाल के प्रांतीय महामंत्री रामाधार गौतम एवं जिला शाखा अध्यक्ष सीताराम दुबे ने बताया है कि पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक दिनांक 5 मार्च को दोपहर 3 बजे से पुरवार पुत्री शाला शेर चौक कटनी में आयोजित की गई है। एसोसिएशन के प्रांतीय सचिव वाई के श्रीवास्तव, प्रांतीय संगठन सचिव एस एस सेंगर, संभागीय महामंत्री विद्याधर मिश्र, उपाध्यक्ष विरेंद्र नायक, संगठन सचिव के एल श्रीवास्तव, जिला शाखा सचिव रामभुवन त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष सुभाष कुमार पटेल, कार्यवाहक अध्यक्ष कंधीलाल हल्दकार, संगठन सचिव के डी मिश्र, उपाध्यक्ष सुदामा प्रसाद पटेल, तहसील अध्यक्ष केशव प्रसाद दुबे, वाल्मिक मिश्र एवम मथुरा प्रसाद झरिया ने सभी पेंशनर्स साथियों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। बैठक में बकाया डीए की मांग के साथ ही चिकित्सा भत्ता एवम अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए जावेगे।

## लेखा प्रशिक्षण शाला में प्रशिक्षण हेतु लिपिक वर्गीय कर्मियों से 21 मार्च तक बुलाए आवेदन

**कटनी,यशभारत।** शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में संभाग के सभी कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र एक अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। इसके लिये 21 मार्च तक आवेदन अमंत्रित है। शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला के प्राचार्य ने जबलपुर संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों के अधीन कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो सहायक ग्रेड दृ तीन के पद पर एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर लिये हो, उनसे प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस प्रशिक्षण हेतु 21 मार्च की शाम 5 बजे तक शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में आवेदन पत्र जमा किया जा सकेगा। यह प्रशिक्षण कर्मचारियों के लिये निरूशुल्क है। जबकि अर्ध शासकीय, निगम, मंडल एवं निकाय के कर्मचारियों के लिये राज्य शासन ने दो हजार रूपये का प्राथमिक शुल्क तय किया है। जो चालान के द्वारा प्रवेश होने पर अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

## उचित मूल्य दुकान हेतु 7 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन

**कटनी,यशभारत।** शासकीय उचित मूल्य दुकान विहीन 6 ग्राम पंचायतों में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आवंटन करने हेतु 28 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसकी तिथि बढ़ाकर अब 7 मार्च कर दिया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी बालेंद्र शुक्ला ने बताया कि विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत सिमरा नंबर 1, सिमराड़ी, बड़ागांव, घिनौची तथा विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत खिरवा नंबर 2 और चोरी में राशन दुकान आवंटित की जानी है। इसलिए जिले के प्राथमिक सहकारी साख समिति, वन समिति विपणन संस्था, महिला स्व-सहायता समूह, एम-राशन मित्र पोर्टल माध्यम से दुकान आवंटन यह तो 7 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में पिंलौजी को मिला विजेता का खिताब



कटनी,यशभारत। बजरंग दल क्रिकेट टूर्नामेंट कन्हवारा में आयोजित किया गया। जिसमें फाइनल मैच पिलोंजी एवं कन्हवारा की टीम के बीच खेला गया। शानदार मुकाबले में पिलोंजी ने कन्हवारा टीम को पराजति कर विजेता का खिताब हासिल किया। टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव एवं भाजयुमो कोषाध्यक्ष अक्षय श्रीवास्तव द्वारा विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय कुशवाहा, अंकित कुशवाहा, प्रवीण कुशवाहा अमित लोधी, अंकित मौर्य, जितेंद्र शर्मा राजेश शर्मा, पंकज मौर्य एवं ग्रामीण क्षेत्र वासियों की उपस्थिति रही।

### मंडी शुल्क सहित व्यापारियों से जुर्माना भी वसूला

# निजी थोक फल एवं सब्जी मंडी में अधिकारियों की दबिश





**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर द्वारा पुरैनी में संचालित निजी थोक फल एवं सब्जी मंडी के विरूद्ध की गई कार्यवाही की जानकारी मंडी सचिव से मांगे जाने के बाद अधिकारियों ने सक्रियता दिखाई है। अधिकारियों की एक टीम ने बुधवार को थोक फल एवं सब्जी मंडी पहुंचकर वहां सब्जी लेकर आने वाले 10 वाहनों से मंडी शुल्क वसूला वहीं व्यवसायियों की विरूद्ध जुर्माने की कार्रवाई की गई। कलेक्टर के निर्देश पर बुधवार को अभियान चलाकर थोक फल, सब्जी व्यवसाईयों से मंडी शुल्क एवं दांण्डिक शुल्क के रूप में 42 हजार 900 रुपये की वसूली की गई। कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी एवं भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी प्रिया चंद्रावत के मार्गदर्शन में मंडी सचिव देवेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा कार्यवाही की गई। दांण्डिक मंडी शुल्क की वसूली के साथ-साथ मंडी क्षेत्र अंतर्गत समस्त थोक फल, सब्जी व्यवसायियों को शीघ्रातिशीघ्र मंडी अधिनियम के नियमों के तहत थोक फल एवं सब्जी व्यापार की अनुज्ञप्ति प्राप्त कर नियमानुसार थोक फल व सब्जी का व्यापार करने की समझाइश दी गई। इसके अलावा व्यापार से संबंधित अभिलेख व दस्तावेज और मंडी फीस मंडी कार्यालय में जमा करने के संबंध में चर्चा हुई। मंडी सचिव श्री ठाकुर ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार मंडी शुल्क वसूली की कार्यवाही सतत जारी रहेगी। अनियमितता पाए जाने पर फर्म व व्यापारियों से दांण्डिक मंडी शुल्क की वसूली की जाएगी। कार्यवाही के दौरान मंडी समिति के राकेश कुमार पनिका, प्रेम कुमार मांझी, विकास नारायण मिश्रा, अमित केशरवानी, अमित शुक्ला, अजय पड़वार, सुधीर त्रिपाठी आदि कर्मियों ने मंडी फीस वसूली में सक्रिय सहभागिता निभाई।

# संक्रामक बीमारियों से लोगों को जागरूक करने विभाग के पास नहीं है बजट

### कलेक्टर ने शासन को प्रस्ताव भेजने दिए निर्देश, कम उपस्थिति वाली एएनएम को नोटिस जारी



**कटनी,यशभारत।** शहरी एवं विकासखंड स्तर पर बुखार के साथ साथ बारीक दाने के मरीजों की संख्या में वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। इन बीमारियों की रोकथाम व उन्मूलन के लिये भारत शासन द्वारा डब्ल्यू एच ओं के सहयोग से वैक्सीन प्रीवेंटेवल बीमारियों के सर्विलेंस चल रहा है। क्योंकि यह बीमारियां अत्यंत संक्रामक है। और सामुदायिक स्तर पर महामारी फैलने की संभावना बनी रहती है। मीजल्स रूबेला एलिमिनेशन हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक बुधवार को कलेक्टर सभागार में कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठके के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा मीजल्स रूबेला बीमारी से होने वाली क्षति को व्यक्ति से व्यक्ति तक पहुंचाने की जानकारी हेतु प्रचार-प्रसार करने के लिये विभाग में बजट उपलब्ध नहीं होने पर शासन से मांग करने के निर्देश विभाग को दिये गये। मीजल्स रुबेला एलिमिनेशन हेतु जिले में 50 प्रतिशत से कम टीका लगाने वाली एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं 95 प्रतिशत से अधिक उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने के निर्देश दिये गये। जिले में समस्त शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य संस्थाओं में समस्त संदिग्ध रोगियों की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराये जाने के निर्देश कलेक्टर अवि प्रसाद ने दिये। बीमारियों जिनके लक्षण एवं परिभाषा सारणी में दिये गये है। ऐसे समस्त मरीज यदि आपको क्लिनिक या जानकारी में आते है तो उनका नाम, पिता का नाम, पूर्ण पता एवं मोबाइल नंबर, संभावित लक्षण आने की दिनांक सहित डब्ल्यूएचओ के सर्विलेंस मेडीकल आफीसर डॉ जलज खरे मो. नं. 9839702202 व जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई मो.नं. 9479898341 के नंबर पर तत्काल सूचना देवें। महामारी एक्ट 1097 के अधीन उपरोक्त बीमारियों के संदिग्ध रोगियों की सूचना न देने वाले छुपाने समस्त चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य संस्थाओं व अन्य के प्रति दण्ड प्रावधान है।

# WPL का पहला सीजन कल से, 23 दिन में 5 टीमें खेलेंगी 20 लीग मैच, दिल्ली सबसे मजबूत; जानें टूर्नामेंट के बारे में सबकुछ

**मुंबई, एजेंसी।** एक दिन बाद यानी की 4 मार्च से विमेंस प्रीमियर लीग के पहले सीजन का आगाज हो रहा है। 23 दिन चलने वाली इस लीग में 5 टीमें 20 लीग और दो नॉकआउट मैच खेलेंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत शनिवार शाम 7-30 बजे डीवाई पाटिल स्टेडियम में गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस के मैच के साथ होगी। प्रतियोगिता के सभी 22 मैच मुंबई के डीवाई पाटिल और ब्रेबोर्न स्टेडियम पर खेले जाएंगे। मेग लेनिंग की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम सबसे संतुलित और मजबूत नजर आ रही है। जबकि, मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की प्लेइंग-11 थोड़ी कमजोर है।

**कौन-कौन सी टीमें खेल रही हैं?-** विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) के पहले सीजन में 5 टीमें खेलती नजर आएंगी। इनमें दिल्ली कैपिटल्स (DC), मुंबई इंडियंस (MI), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB), गुजरात जायंट्स (GG) और यूपी वॉरियर्ज (UPW) शामिल हैं। दिल्ली की कप्तान मेग लेनिंग हैं। वहीं, मुंबई की हरमनप्रीत कौर, बेंगलुरु की स्मृति मंधाना, गुजरात की बेथ मूनी और यूपी की एलिसा हीली हैं। इस तरह 3 टीमों की कमान ऑस्ट्रेलियन प्लेयर्स के पास है, जबकि 2 की कमान भारतीय खिलाड़ियों को मिली है।

**एक टीम कितने मैच खेलेगी?-** 4 से 21 मार्च तक लीग स्टेज के 20 मैच होंगे। पुरुष ढ्ढक्कके शुरुआती सीजन की तरह यहां भी हर टीम एक-दूसरे से 2-2 मैच खेलेगी। इस तरह हर टीम लीग स्टेज में कम से कम 8 मैच खेलेगी। 20 लीग मैचों के बाद पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी। वहीं, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें के बीच 24 मार्च को एलिमिनेटर मुकाबला होगा। हारने वाली टीम तीसरे स्थान पर फिनिश रहेगी और जीतने वाली टीम 26 मार्च को ब्रेबोर्न स्टेडियम में होने वाला फाइनल खेलेगी।

# इंदौर के खराब पिच की आलोचना दो दिन में गिरे 30 विकेट

**इंदौर यशभारत।** खराब पिच के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से प्रतिबंध का सामना कर चुका इंदौर अब फिर उसी मुहाने पर खड़ा नजर आ रहा है। शहर के होलकर स्टेडियम में भारत और आस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट की पिच पर दो दिन में 30 बल्लेबाज आउट हो चुके हैं। तीन दिन भी पूरा खेल चले इस पर संशय है। जिस होलकर स्टेडियम में बने कीर्तिमानों से इंदौर की विश्व में तारीफ होती है, वही अब आलोचना का केंद्र बना हुआ है। दो दिन में दो बार भारतीय टीम और एक बार आस्ट्रेलिया की टीम आउट हो चुकी है। इन टीमों में दुनिया के श्रेष्ठतम बल्लेबाज विराट कोहली, रोहित शर्मा, स्टीवन स्मिथ, शुभमन गिल जैसे तमाम नाम शामिल हैं। इसके बाद पिच पर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार, शुरुआत में लाल मिट्टी की पिच तैयार की जा रही थी, जिस पर मैच पांच दिन चलता है। इस पर बाउंस भी ठीक रहता है, मगर भारतीय टीम के इंदौर पहुंचने के बाद नाटकीय रूप से स्थिति बदली। काली मिट्टी की पिच तैयार की जाने लगी। जिस पर स्पिनर हावी रहें और भारतीय बल्लेबाजों को भी मदद मिले। दरअसल, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की इंदौर टेस्ट अहम है। यहां जीतने पर भारत की फाइनल में जगह पक्की हो जाएगी, मगर अब दांव



उल्टा दिख रहा है।

## पिछले दो टेस्ट की पिच भी विवादों में

इस सीरीज में पिछले दोनों टेस्ट की पिच भी विवादों में रही है। नागपुर में पहला और दिल्ली में दूसरा टेस्ट तीन-तीन दिन में खत्म हुए हैं। दोनों ही मैचों में भारतीय स्पिनरों ने कहर ढाया था।

## 1997 में लग चुका है एक दाग

इंदौर के नेहरू स्टेडियम में 25 दिसंबर 1997 को भारत और श्रीलंका के बीच वनडे मैच सिर्फ 18 गेंद के बाद रद कर दिया गया था। पिच ठीक से तैयार नहीं की गई थी और श्रीलंका के कप्तान अर्जुन रणतुंगा ने इस पर खेलने से इन्कार कर दिया था। इसके बाद आइसीसी ने इंदौर पर प्रतिबंध लगा दिया था और शहर को अंतरराष्ट्रीय मैच मिलना बंद हो गए थे।

## पिच में एमपीसीए का हस्तक्षेप नहीं होता

एमपीसीए के सचिव संजीव राव का कहना है कि टेस्ट क्रिकेट मैच की पिच तैयार करने के लिए बीसीसीआइ द्वारा तटस्थ क्यूरेटर नियुक्त किया जाता है। वही क्यूरेटर एमपीसीए के क्यूरेटर के साथ मिलकर पिच तैयार करता है। इसमें एमपीसीए का हस्तक्षेप नहीं होता। इस मैच के लिए भी बीसीसीआइ के क्यूरेटर आठ दिन पहले इंदौर पहुंच गए थे।


## खिलाड़ियों ने ट्रैफिक जवान का हौसला बढ़ाया

इंदौर में भारत-आस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट मैच चल रहा है। भारतीय टीम की बस जब होलकर स्टेडियम के बाहर निकली तो वहां ट्रैफिक जवान रणजीत को डांस के माध्यम से ट्रैफिक संभालते देखा। इस पर खिलाड़ियों ने ताली बजाकर उनका हौसला बढ़ाया।

# कन्नूर स्क्वाड का पहला लुक जारी

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

थ्रिलर कन्नूर स्क्वाड का पहला लुक कल जारी किया गया। कन्नूर स्क्वाड के फर्स्ट लुक पोस्टर में ममूटी का लुक काफी इंटेंस है। हम यह भी देखते हैं कि चार पात्र एक खोज करते हैं। कन्नूर स्क्वाड, ममूटी के प्रोडक्शन हाउस ममूटी कम्पनी की




नानपक्कल नेराथु मयाक्कम, रोर्शच और काथल - द कोर के बाद चौथी फिल्म है। फिल्म के तकनीकी पक्ष में सिनेमैटोग्राफर मोहम्मद राहिल, संगीत निर्देशक सुशीन श्याम, संपादक प्रवीण प्रभाकर, प्रोडक्शन डिजाइनर शाजी नादुविल, मेकअप आर्टिस्ट रोनेक्स जेवियर, कॉस्ट्यूम डिजाइनर अरुण मनोहर और अभिजीत और साउंड डिजाइनर टोनी बाबू शामिल हैं। दुलकर सलमान का प्रोडक्शन हाउस वेफरर फिल्म्स केरल में फिल्म का वितरण करेगा। फिल्म के कलाकारों के बारे में विवरण फिलहाल गुप्त रखा गया है। फिल्म के बारे में बात करते हुए, ममूटी ने पहले एक साक्षात्कार में कहा था, कन्नूर स्क्वाड एक ऐसे दस्ते के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपराधियों को पकड़ने में माहिर है।

# रवि की रावणासुर अप्रेल में होगी रीलिज

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

साउथ के अभिनेता रवि तेजा अब अपने प्रशंसकों को रावणासुर देने जा रहे हैं। अभिनेता की यह फिल्म आगामी 7 अप्रैल को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। हाल ही में इसकी शूटिंग पूरी हुई है।इस बात की जानकारी रावणासुर के पीआरओ ने



अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दी है। वॉल्टेयर वीरैय्या में रवि तेजा पहली बार चिरंजीवी के साथ नजर आए थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। हालांकि गत वर्ष प्रदर्शित हुई उनकी फिल्म धमाका को विशेष सफलता नहीं मिल पाई थी। तेजा जल्द ही उत्सुकता से प्रतीक्षित तेलुगु फिल्म रावणासुर में दिखाई देंगे, जिसने प्रशंसकों के बीच काफी चर्चा पैदा कर दी है क्योंकि इसमें उन्हें एक स्टाइलिश नए अवतार में दिखाया गया है। यह स्टाइलिश एक्शन ड्रामा के शौकीन लोगों के लिए एक ट्रीट के रूप में भी बिल किया जाता है।

# उमेश यादव बने टीम इंडिया के वन मैन आर्मी इमरान खान और वसीम अकरम को पछाड़ा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया सीरीज के तीसरे मैच में भले टीम इंडिया की बल्लेबाजी मैच की पहली पारी में फ्लॉप रही हो, लेकिन इस बीच उमेश यादव नए स्टार बनकर उभरे हैं। जब रोहित शर्मा, विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा और शुभमन गिल जैसे बल्लेबाज एक एक रन के लिए तरस रहे थे, उसी वक्त उमेश यादव ने क्रीज पर आकर एक एक कर दो आसमानी छक्के लगाए और मैच में जान फूंक दी। इसके बाद जब मैच के दूसरे दिन भारतीय टीम विकेट के लिए जूझ रही थी, तब उन्होंने लगातार दो विकेट निकाल कर ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर ढकेल दिया और कुछ ही देर में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी समाप्त हो गई। इस बीच उमेश यादव ने अपने घर यानी भारत में टेस्ट में 100 विकेट तो पूरे किए ही साथ ही पाकिस्तान के दिग्गज गेंदबाजों में शुमार किए जान वाले इमरान खान और वसीम अकरम को भी पीछे छोड़ दिया है।

## उमेश यादव ने तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की पारी कर दी समाप्त

उमेश यादव ने इंदौर टेस्ट की पहली 13 गेंद पर धुआंधार 17 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से दो छक्के और एक चौका आया। उमेश यादव की पारी का आलम ये था कि उनका स्ट्राइक रेट 130 से भी ज्यादा का रहा, जो किसी भी अन्य भारतीय बल्लेबाज का पहली पारी में नहीं दिखा। इसके पहले दिन जब उमेश यादव की गेंदबाजी आई तो वे कोई बड़ा कमाल नहीं कर पाए। पहले दिन जो चार विकेट गिरे, वे सब के सब रवींद्र जडेजा ने ही झटके। इसके बाद जब दबाव में खेल रही भारतीय टीम दूसरे दिन मैदान में उतरी तो पहले घंटे में एक भी विकेट नहीं गिरा। इससे भारतीय टीम का संकट बढ़ता हुआ नजर आ रहा था, लेकिन जैसे ही दूसरा घंटा शुरू हुआ और रविचंद्रन अश्विन ने पहला विकेट ??मिला, उसके बाद उमेश यादव ने अपना काम शुरू कर दिया। उमेश यादव ने केवल पांच ही ओवर किए और 12 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए। एक के बाद उमेश यादव ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाजों के डंडे उखाड़ते चले गए और पूरी टीम कुछ ही मिनट में पवेलियन लौट गई। जो ऑस्ट्रेलिया टीम एक वक्त ड्राइविंग सीट पर बैठी नजर आ रही थी, वो उसने 11 रन और 24 गेंद के अंदर छह विकेट गवां दिए और उसमें सबसे बड़ी भूमिका उमेश यादव की रही।

## उमेश यादव का एशिया में तीसरे नंबर का बेहतर स्ट्राइक रेट

इस बीच उमेश यादव ने पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान इमरान खान और वसीम अकरम को भी पीछे कर दिया है। अब आप सोच रहे होंगे ये कौन सा कीर्तिमान है। चलिए आपको बता देते हैं। दरअसल एशिया में सबसे बेहतरीन स्ट्राइक रेट से गेंदबाजी करने के मामले में पाकिस्तान के वकार यूनिस नंबर एक पर हैं। उनका स्ट्राइक रेट 38.2 का है, वहीं दूसरे नंबर पर शोएब अख्तर हैं, उनका स्ट्राइक रेट 44.5 का है। इसके बाद अब नंबर आ गया है उमेश यादव का। वे 47.5 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। वहीं इमरान खान की बात की जाए तो उनका स्ट्राइक रेट 48 से ज्यादा का है और वसीम अकरम का तो 50 से भी ज्यादा का है। ध्यान रहे कि हम यहां पर एशिया के तेज गेंदबाजों की बात कर रहे हैं और उन खिलाड़ियों को ही शामिल किया गया है, जो अब तक 100 से ज्यादा विकेट ले चुके हैं। उमेश यादव को इसी सीरीज के पहले दो मैचों में मौका नहीं दिया गया था। पहले दो मैच मोहम्मद शमी खेल रहे थे, उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की थी, लेकिन तीसरे मैच में मोहम्मद शमी को रेस्ट दिया गया, इसके बाद उमेश यादव की एंट्री भारत की प्लेइंग इलेवन में होती है। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ जो दो मैचों की सीरीज दिसंबर में खेली गई थी, उसमें वे खेल रहे थे और शानदार गेंदबाजी भी की थी।

# पाक क्रिकेटर बोला, आईसीसी पर भारतीय बोर्ड का है नियंत्रण

**लाहौर (ईएमएस)।** भारतीय टीम एशिया कप के लिए पाकिस्तान नहीं जाना चाहती है। वहीं पाक क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि वह टूर्नामेंट को तटस्थ स्थल पर खेलने के लिए भी तैयार हैं पर मेजबानी पाक के पास ही रहनी चाहिये। वहीं पाकिस्तान के एक पूर्व क्रिकेटर अब्दुर रहमान ने कहा है कि आईसीसी भारत के आधीन है। उन्होंने कहा कि एशिया कप दुबई में नहीं पाक में ही होना चाहिए हालांकि भारत के इंकार के बाद यह संभव नजर नहीं आता क्योंकि आईसीसी भारतीय बोर्ड के अधीन है। आईसीसी के लिए काम करने वाले सभी लोग भारतीय हैं। बीसीसीआई से ही 60 से 70 फीसदी धन आता है। हम भारत में होने वाले विश्वकप में भाग लेने से इंकार नहीं कर सकते। अगर एशिया कप के लिए भारतीय टीम नहीं भी आती तो भी हमें विश्वकप के लिए जाना चाहिये। गौरतल है कि एशिया कप 2023 सितंबर में होने है जोकि विश्व कप से पहले काफी अहम माना जा रहा है। पीसीबी ने पहले ही कहा है कि भारतीय टीम अगर चाहे तो यूएई में अपने मुकाबले खेल सकती है पर बाकि टीमें इसके लिए तैयार होंगी यह देखना होगा। रहमान ने पाक टीम के भविष्य पर कहा कि अगर क्रिकेटर सिर्फ क्रिकेट खेलना चाहते हैं तो उन्हें आईसीसी के फैसले से सहमत होना होगा। नए पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी के आने के बाद पाक प्रशंसकों को उम्मीद है कि उन्हें घरेलू धरती पर खेल देखने को मिलेंगे पर देश में जिस प्रकार का आर्थिक संकट चल रहा है उससे इसमें बाधा आयेगी।

# पोन्नियन सेल्वन-2 की नहीं बदली प्रदर्शन तिथि

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

पिछले दिनों से ऐसी चर्चाएं थी कि पोन्नियन सेल्वन-2 की प्रदर्शन तिथि स्थगित कर दी गई है। हालांकि अब मणिरत्नम की टीम ने प्रदर्शन तिथि टालने की अफवाहों का खण्डन किया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पोन्नियन सेल्वन-2 से जुड़े सूत्रों का कहना है कि फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम



चल रहा है, निर्माता जल्द ही एक अच्छी अनाउंसमेंट करेंगे। फिल्म के स्थगित होने के बारे में रिपोर्ट सिर्फ एक अफवाह है। यह फिल्म 28 अप्रैल को दर्शकों के बीच आएगी। सूत्र ने यह भी बताया कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। इस फिल्म की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहाँ पहले भाग की खत्म हुई थी। इस ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म में ऐश्वर्या राय बच्चन ने रानी नंदिनी की भूमिका निभाई है, जो प्रतिशोध लेने के मिशन को पूरा करने के लिए संघर्ष करती दिख रही है। फिल्म में चिनाय विक्रम, कीर्थी, तृषा कृष्णन, जयराम रवि, लक्ष्मी और शोभिता धूलिपाला मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। बता दें कि गत वर्ष 30 सितम्बर को मणिरत्नम ने अपनी पहली ऐतिहासिक फिल्म पोन्नियन सेल्वन-1 को दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया था।




# आईसीसी रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर पहुंचे अश्विन

## ऑलराउंडरों की सूची में जडेजा पहले स्थान पर पहुंचे

**दुबई, ईएमएस।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर पहुंच गये हैं। अश्विन के शीर्ष पर आने के साथ ही इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन दूसरे स्थान पर खिसक गये हैं। ऑस्ट्रेलिया के साथ खेली जा रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में छह विकेट लेने के साथ ही अश्विन के अंक बढ़ गये हैं। वहीं एंडरसन ने गत माह 22 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को पीछे छोड़कर नंबर एक स्थान हासिल किया था। न्यूजीलैंड के विरुद्ध पहले टेस्ट में सात विकेट लेने वाले एंडरसन साल 1936 के बाद से नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बनने वाले सबसे अधिक उम्र के खिलाड़ी थे। वहीं भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी भी एक-एक स्थान आगे बढ़कर चौथे और पांचवें स्थान पर पहुंच गये हैं हालांकि इन दोनो ही खिलाड़ियों ने पिछले साल जुलाई के बाद से एक भी टेस्ट नहीं खेला है। इंग्लैंड के ऑली रॉबिंसन दो स्थान नीचे फिसल गए हैं जिसका लाभी बुमराह और शाहीन को मिला है। वहीं दिल्ली टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले भारत के रविन्द्र जडेजा टेस्ट रैंकिंग में आठवें जबकि ऑलराउंडरों की सूची में पहले स्थान पर पहुंच गये हैं।अश्विन ऑलराउंडरों में दूसरे स्थान पर हैं।


# तजिंदरपाल और किशोर को इंडियन ओपन में मिला स्वर्ण

**विजयनगर एजेंसी।** तजिंदरपाल सिंह तूर ने दूसरी इंडियन ओपन थ्रो और जंप प्रतियोगिता में 19.95 मीटर की थ्रो के साथ ही शॉट पुट में स्वर्ण पदक जीता है। तूर ने अपने शानदार प्रदर्शन के साथ ही 19 मीटर के निशान को पार करने के साथ ही एशियाई खेलों में एक स्थान के लिए भी क्वालीफाई किया है। यह स्थान पुरुषों के शॉट पुट में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) द्वारा निर्धारित क्वालीफाइंग मानक है। वहीं युवा करणवीर सिंह ने 19.54 मीटर के थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया। इसके अलावा। साहिब सिंह ने 18.77 मीटर के साथ ही कांस्य पर कब्जा किया। वहीं दूसरी ओर, महिलाओं के शॉट पुट में मनप्रीत कौर ने 16.73 मीटर गोला फेंककर स्वर्ण पदक जीता और एशियाई खेलों के क्वालीफिकेशन मार्क 16.30 मीटर को भी पार कर



दिया जबकि आभा खटुआ ने 15.06 मीटर की थ्रो के साथ रजत व राजस्थान की कचनार चौधरी ने 14.34 मीटर की थ्रो के साथ कांस्य अपने नाम किया। वहीं पुरुषों के भालाफेंक में ओडिशा के किशोर जेना ने 78.93 मीटर थ्रो के साथ रोहित यादव द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ा। रजत पदक पंजाब के सर्बजीत सिंह ने 75.63 मीटर के थ्रो के साथ जीता जबकि अभिषेक ड्राल ने 73.51 मीटर के अपने अंतिम थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं पुरुषों की भालाफेंक स्पर्धा में किशोर जेना ने 78.93 मीटर भाला फेंककर जीत दर्ज करने के साथ ही एशियाई खेलों के लिए भी कट बनाया, क्योंकि पुरुषों के भाला फेंकने वालों के लिए प्रवेश मानक 78.23 मीटर निर्धारित किया गया था। करिश्मा सानिल (कर्नाटक) ने महिलाओं की स्पर्धा में 47.60 मीटर के साथ स्वर्ण जीता, जबकि हेमामालिनी नीलकंडा (तमिलनाडु) और प्रिया अत्री (उत्तर प्रदेश) ने अपने-अपने प्रयास 45.78 और 45.75 मीटर के साथ रजत और कांस्य जीता।

# करियर के खराब दौर में अनुष्का ने प्रेरित किया : विराट



**नई दिल्ली एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि करियर के खराब दौर में उन्हें की पत्नी अनुष्का शर्मा ने प्रेरित किया। विराट ने स्वीकार किया था कि वह इस साल की शुरुआत में अपने करियर में निराश हो गए थे। इस दौरान अनुष्का ने उन्हें काफी प्रेरित किया और इसी कारण वह एक खराब दौर के बाद फॉर्म में वापसी करने में सफल रहे। विराट ने एक साक्षात्कार में कहा था मेरी जिंदगी में निराशा आ रही थी। अनुष्का और मेरे करीबियों के लिए सही नहीं था। विराट ने अनुष्का की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने जीवन में कई त्याग किये हैं। उन्होंने अनुष्का और बेटी वामिका के बारे में बात करते हुए बताया कि किस तरह उन्होंने मां के रूप में बड़ा बलिदान दिया है। अनुष्का ने अपने जीवन को कैसे आगे बढ़ाया, यह देखकर उन्हें अहसास हुआ कि उन्हें जो भी समस्याएं थीं, वे कुछ भी नहीं थीं। अपनी पत्नी और बेटी के साथ पिछले दो वर्षों के बारे में बात करते हुए विराट ने कहा कि वास्तव में यह मायने रखता है कि आपका परिवार आपसे प्यार करता है। इससे पहले चलता है कि आप कौन हैं। अनुष्का अब क्रिकेटर झूलन गोस्वामी के जीवन पर आधारित फिल्म चकदा एक्सप्रेस में दिखाई देंगी। यह बेटी वामिका के जन्म के बाद उनकी पहली फिल्म होगी। अनुष्का रब ने बना दी जोड़ी, पीके, बैंड बाजा बारात, सुल्तान और ऐ दिल है मुश्किल जैसी फिल्मों से मशहूर हुई थीं। उन्हें अंतिम बार शाहरुख खान और कैटरीना के साथ 2018 की फिल्म जीरो में बड़े पर्दे पर देखा गया था।

# गदर-2 मनीष वाधवा पाक आर्मी के जनरल की भूमिका में

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

बालीवुड के खलनायक मनीष वाधवा पाक आर्मी के जनरल की भूमिका में नजर आएंगे। मनीष हाल ही में फिल्म पठान में पाकिस्तानी जनरल कादिर के रोल में नजर आए। अब वे मुख्य खलनायक के तौर पर सनी देओल से दो-दो हाथ करते नजर आएंगे। मनीष वाधवा सनी



देओल अभिनीत गदर-2 में भी पाकिस्तानी आर्मी जनरल की भूमिका में नजर आएंगे। गदर-2 के लिए पाकिस्तान को लखनऊ और अहमदनगर में क्रिएट किया गया। पाकिस्तान के लिहाज से लखनऊ में 50 दिनों की शूटिंग रही] वहीं अहमदनगर में 25 दिनों का शेड्यूल रहा है। यहाँ अभी शूटिंग जारी है।गदर-2 के बारे में मनीष वाधवा का कहना है कि इसकी कहानी बंटवारे के 24 साल बाद सेट है और मेरा किरदार भी। मेरे किरदार को लेकर कोई प्रोस्थेटिक का इस्तेमाल नहीं हुआ है, बस मूंछे हैं और दो से तीन अलग लुक हैं। मनीष वाधवा ने कहा, अमरीश पुरी जी ने जिस तरह से अशरफ अली को प्ले किया था, उसकी तुलना कतई नहीं हो सकती। यही वजह है, जो उनके किरदार को यहाँ किसी ने रिप्लेस नहीं किया है। मेरा किरदार तो पाकिस्तानी आर्मी जनरल का है।

# जिला कोषालय के फर्जीवाड़े में एक और एफआइआर दर्ज

## जेल में बंद बाबू धीरज सिंह सहित तीन पर बना मामला

**कटनी, यशभारत।** जिला कोषालय कार्यालय से कर्मचारी देयकों का फर्जी खातों में दोबारा भुगतान करवाकर कोषालय से राशि गबन करने के मामले में माधवनगर पुलिस ने एक और एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद पांडे की शिकायत पर गबन के मामले में पूर्व से जेल में बंद कोषालय के सहायक ग्रेड-3 बाबू धीरज सिंह सहित अन्य तीन खाताधारकों पर एक और मामला दर्ज किया है। माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा से मिली जानकारी के अनुसार ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत अंतर्गत रिटायर्ड एसडीओ रामप्रसाद तिवारी, स्वर्गीय उदयभान सिंह पीसीओ की पत्नी लक्ष्मीदेवी सिंह व रिटायर्ड एसडीओ जयकुमार शुक्ला को शासन की ओर से निर्धारित देयकों का भुगतान किया गया था लेकिन फिर इन्हें देयकों का पुनः 26 लाख 65 हजार 394 रुपए का भुगतान फर्जी बिल लगाकर झांसी, दिल्ली व अहमदाबाद के खातों में कर दिया गया। मामले में जांच करते हुए पुलिस ने बताया कि ढीमरखेड़ा जनपद सीइओ कार्यालय में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर मुकेश नामदेव द्वारा तकनीकि रूप से सहयोग के लिए कोषालय में पदस्थ धीरज सिंह को लॉगिन आईडी व पासवर्ड दिया गया था, जिसका दुरुपयोग करते हुए धीरज सिंह ने फर्जी भुगतान कर लिया।



### लेनदेन वाले खाता धारक भी बने आरोपी

पुलिस ने इस मामले में जिन तीन खातों में 26 लाख 65 हजार 394 रुपए की राशि भेजी गई है, उन्हें भी आरोपी बनाया है। बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले में जेल में बंद मास्टरमाइंट धीरज सिंह के अलावा अन्य भी शामिल रहे हैं। इसलिए पुलिस ने जनपद पंचायत सीईओ विनोद पांडे की शिकायत पर धीरज सिंह सहित तीन अन्य लोगों पर धारा 409, 467, 468, 471, 34 व 66 सीआईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

### दोबारा भुगतान कर हड़पी शासकीय राशि

उल्लेखनीय है कि धीरज सिंह 28.89 लाख रुपए के गबन के मामले में जेल में बंद है। दरअसल बड़वारा विकासखंड अंतर्गत तीन शिक्षक अक्टूबर, नवंबर व दिसंबर माह में सेवानिवृत्त हुए थे। इन शिक्षकों के अर्जित अवकाश नगदीकरण एवं बीमा देयकों की राशि का भुगतान कोषालय द्वारा पूर्व में कर दिया गया था लेकिन फिर इन्हें शिक्षकों के देयकों का भुगतान कोषालय के बाबू धीरज सिंह ने फर्जी बिल व जालसाजी करते हुए तीन अलग-अलग खातों में 28 लाख 89 हजार 552 कर दिया था। जिसके बाद पुलिस ने उसके विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से उसको जेल भेज दिया गया था।

# एसीसी के प्लांट में काम कर रहे 3 हजार से ज्यादा बाहरी मजदूर

## एसीसी कैमोर, अमेहटा एवं कुटेश्वर सेल माइंस द्वारा स्थानीय लोगों को नहीं दी जा रही रोजगार में प्राथमिकता

## विधायक संजय पाठक ने किसानों की जमीन के अधिग्रहण व रोजगार देने में हुई विसंगति का मुद्दा विधानसभा में उठाया

**कटनी।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान ध्यानाकर्षण सवाल के माध्यम से आज विधायक संजय पाठक ने विजयराघवगढ़ विधानसभा में एसीसी कंपनी के कैमोर, अमेहटा एवं कुटेश्वर सेल माइंस के द्वारा स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता न दिए जाने व बड़ी संख्या में किसानों की जमीन को बिना अधिग्रहण किए सालों से कब्जा कर बहुमूल्य खनिज का दोहन किया जा रहा है तथा बाढ़ लगाकर उनको उनकी जमीन में जाने से रोक दिया गया जबकि बहुत बड़ी संख्या में किसान है जिनकी जमीन पर एसीसी का कब्जा है जबकि जमीन किसान के नाम पर है वो लोग अभी भी लगान जमाकर रहें हैं। एसीसी प्रबंधन द्वारा जमीन के मूल मालिक की सहमति बिना लिए लीज का रीन्युबल कराया जा रहा है एसीसी कंपनी द्वारा अमेहटा में नए प्लांट के भूमिपूजन के समय अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से नौकरियों में 70 प्रतिशत से स्थानीय लोगों को रोजगार देने का वादा किया गया था पर कंपनी द्वारा ऐसा नहीं किया गया बाहर के राज्यों जैसे बिहार बंगाल, उड़ीसा, असम से 3300 मजदूरों बुला कार्य कराया जा रहा है जिनका कोई पुलिस वेरिफिकेशन नही होता बाहर से आए ऐसे लोगों की असामाजिक गतिविधियों में संलिप्तता रही है। इसी तरह कैमोर प्लांट में आने वाली फ्लाई ऐश को भी हिमाचल प्रदेश के ठेकेदार द्वारा बल्कर के माध्यम से ट्रांसपोर्ट कराया जा रहा है जबकि स्थानीय लोगों को इसमें प्राथमिकता मिलनी चाहिए बाहर के बल्कर मालिकों द्वारा अधिक क्वांटिटी में आई फ्लाई ऐश को कटनी के पठरा क्षेत्र में खुले में फेक दिया जाता है खुले में फेंकी जा रही ये फ्लाई ऐश स्वांस से जाकर इंसान में कैंसर जैसे रोगों का कारण बनती है कंपनी इसके लिए जिम्मेदार है। विधायक श्री पाठक ने आगे कहा जनहित में सवाल उठाने पर कंपनी अधिकारी गलत तथ्यों से शासन की गुमराह कर रहे हैं जबकि वास्तविकता कुछ और है मैं सदन के पटल में तथ्यों को प्रस्तुत कर रहा हूं इसके जवाब में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने विधानसभा में माना कि प्लांट में 70 प्रतिशत से अधिक स्थानीय श्रमिकों को सुनिश्चित किया जाएगा स्थानीय विधायक के रूप में आपके साथ जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कंपनी के अधिकारी चर्चा कर इन सभी विषयों के साथ अन्य जनहित के विषयों का हल निकालेगे।



### कंपनी के अधिकारी गलत तथ्यों से शासन को कर रहे गुमराह

# बारातियों-जीआरपी व आरपीएफ स्टाफ में झड़प

**कटनी, यशभारत।** भोपाल से दुर्ग के बीच कटनी साउथ स्टेशन होकर चलने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस में सफर कर रहे बारातियों तथा आरपीएफ व जीआरपी स्टाफ के साथ मारपीट की घटना प्रकाश में आई है। दोनों पक्षों की अलग-अलग शिकायत पर शहडोल जीआरपी थाने में शून्य पर अपराध कायम किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अमरकंटक एक्सप्रेस में जबलपुर से बारात रायपुर जा रही थी। इसी दौरान कटनी साउथ स्टेशन से ट्रेन के रवाना होने के बाद सामान चोरी जाने की बात को लेकर बारात में शामिल जबलपुर के गोरखपुर क्षेत्र निवासी चिंटू उर्फ अनूप डामोर व गगन बाल्मिक का विवाद ट्रेन में पेट्रोलिंग कर रहे आरपीएफ जवान से हो गया। बताया जाता है कि विवाद बढ़ने पर बारातियों ने आरपीएफ जवान के साथ मारपीट करते हुए उसे बंधक भी बना लिया। ट्रेन के शहडोल पहुंचने पर जवानों ने एफआईआर दर्ज कराई। शहडोल जीआरपी मामले की जांच कर रही है।

### अमरकंटक एक्सप्रेस में सामान चोरी की बात को लेकर विवाद

# युवक से 75 पाव देशी शराब बरामद

**कटनी, यशभारत।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र की सिलौंडी पुलिस चौकी के अंतर्गत दशरमन गांव में पुलिस ने एक युवक के पास से 75 पाव मसाला देशी शराब जप्त की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दशरमन निवासी गणेश कुमार लोधी के पास से 75 पाव मसला देशी शराब को जप्त की गई है। पुलिस ने बताया कि जप्त की गई शराब की कीमत करीब 7500 रुपए है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा कटनी पहुंचे



फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा का आज सुबह कटनी नगर आगमन हुआ। फिल्म अभिनेता संप्रेषणा नाट्य मंच द्वारा आयोजित चतुर्थ सबरंग नाट्य महोत्सव में भाग लेने के लिए कटनी पहुंचे हैं। जिसका आयोजन आज 3 मार्च को जागृति पार्क में किया गया है। जहां नाटक भाग अवंति भाग का मंचन किया जा रहा है। इस नाटक का निर्देशन फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा द्वारा किया जाएगा। जिसकी प्रस्तुति भोपाल थियेटर्स द्वारा की जाएगी।

# प्रयागराज से लोमाति के बीच भी चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

## कटनी होकर होगा परिचालन

**कटनी, यशभारत।** आगामी होली पर्व के दौरान ट्रेनों में होने वाली यात्रियों को भीड़भाड़ को नियंत्रित करने की कार्ययोजना रेलवे ने बना ली है और पर्व के दौरान अलग-अलग रेलखंडों पर होली स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। जिसमें से कुछ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कटनी जंक्शन, कटनी मुड़वारा व कटनी साउथ स्टेशन होकर किया जाएगा। कुछ होली स्पेशल ट्रेनों की पूर्व में घोषणा करने के बाद रेलवे ने प्रयागराज-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-प्रयागराज के बीच कटनी होकर तीन-तीन ट्रिप एक और होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 04115 प्रयागराज से लोकमान्य तिलक टर्मिनस सुपरफास्ट होली स्पेशल ट्रेन 6, 13 व 20 मार्च सोमवार को प्रयागराज स्टेशन से 18:00 बजे प्रस्थान कर सतना 21:05 बजे, कटनी 22:20 बजे, जबलपुर 23:30 बजे, अगले दिन इटारसी 03:25 बजे एवं 14:55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04116 लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रयागराज सुपरफास्ट होली स्पेशल ट्रेन 7, 14 व 21 मार्च मंगलवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 16:40 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी 05:40 बजे, जबलपुर 09:00 बजे, कटनी 10:28 बजे, सतना 12:30 बजे, मानिकपुर 14:23 बजे और 16:30 बजे प्रयागराज स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 05 शयनयान श्रेणी, 06 सामान्य श्रेणी, 02 जनरेटर कार सहित कुल 19 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में नैनी, शंकरगढ़, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, भुसावल, नासिक, इगतपुरी एवं कल्याण स्टेशनों पर रुकेगी।



# होली खेलने हर साल बढ़ रहा पीली मिट्टी व गेरू का चलन

### इस बार भी रंगों के साथ खेली जाएगी होली

**कटनी, यशभारत।** सारा दिन जमकर होली खेलने के जुनून ने शहर के युवाओं की होली का तरीका बदल गया है। बीते करीब दस वर्ष से यहां के युवा व बच्चे रंग की जगह पीली मिट्टी और गेरू की होली खेलने लगे हैं। रंगों में रंगे चेहरों के बजाय होली पर नौजवान नीचे से ऊपर तक पीली मिट्टी और गेरू से सने नजर आते हैं। प्रचलन इतना अधिक है कि बोरियां कम पड़ जाती हैं। हालांकि विशेषज्ञ इसे हानिकारक मानते हैं।

### पीली मिट्टी का अधिक चलन



होली त्योहार पर गेरू पाउडर और पीली मिट्टी भी चलन में आ गई है। गेरू चार सौ रुपए प्रति बोरी और पीली मिट्टी भी सौ रुपए बोरी मिल रही है। पीली मिट्टी खदानों से निकाली जा रही है। वहीं गेरू भी पाउडर करके बाजार में लाया जाता है। दुकानदारों के मुताबिक गेरू का चलन पीली मिट्टी की अपेक्षा कम है। पीली मिट्टी में छोटे पत्थर के कण भी शामिल रहते हैं। बताया जाता है कि इस वर्ष गेरू की काफी डिमांड हैं। इसलिए कारोबारी अभी से स्टाक करने लगे हैं क्योंकि पिछले साल अधिक बिक्री के कारण पीली मिट्टी का स्टॉक तक कम पड़ गया था।

### अभी से शुरू हो गई तैयारी

शहर में होली का सुरूर 5 दिन तक रहता है। विशेषतः युवा वर्ग रंगपंचमी तक होली खेलता है। धुरेड़ी व दूज को अधिकतर बाजार बंद रहते हैं। ऐसे में नौजवान पहले से गेरू व पीली मिट्टी खरीदकर स्टॉक कर लेते हैं। पांच दिन तक जमकर पीली मिट्टी व गेरू की होली का दौर चलता है।

### सिंथेटिक रंगों से कम नुकसान

नौजवानों का कहना है कि रासायनिक रंगों की तुलना में पीली मिट्टी व गेरू की होली कम नुकसानदेह है। चिकित्सकों की भी कुछ ऐसी ही राय है लेकिन पीली मिट्टी व गेरू के कणों से आंखों को खासी हानि होती है। सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुड़िया कहते हैं कि गेरू व पीली मिट्टी में छोटे-छोटे कण होते हैं। ये आंख में जाकर कॉर्निया को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इन्हें त्वचा पर जमकर घिसने की वजह से त्वचा से सम्बंधित एलर्जी व अन्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं। पीली मिट्टी व गेरू से बाल झड़ने की शिकायतें भी सामने आई हैं। डॉ. मुड़िया कहते हैं कि रंग या पीली मिट्टी-गेरू की जगह हर्बल रंग-गुलाल का उपयोग किया जाना चाहिए।

### कम खर्च में पर्व का आनंद लेते हैं युवा

शहर के युवाओं का मानना है कि पीली मिट्टी व गेरू से होली खेलना रंग-गुलाल की तुलना में काफी सस्ता पड़ता है। कम बजट में भी जमकर होली खेली जा सकती है। रंग महंगे होने की वजह से जल्दी खत्म हो जाते हैं। जबकि पीली मिट्टी व गेरू सस्ते व बोरियों में आते हैं, इसलिए दिन भर इनसे होली खेली जा सकती है। युवा बीते 4-5 साल से अपने मित्रों के साथ होली के दिन भर पीली मिट्टी व गेरू खेलते हैं। यह सस्ता तो है ही, छुटाने में भी आसान होता है।

### धुरेड़ी पर कई जगह होती है दिन भर मस्ती

युवाओं का कहना है कि रंग की होली खेलने पर एक बार लगाया गया रंग जल्दी नहीं उतरता। ऐसे में उस रंग पर दूसरा रंग नहीं चढ़ता। इस वजह से एक बार रंगने के बाद हुरियारों को दोबारा रंग डालने में आनन्द नहीं आता। जबकि पीली मिट्टी व गेरू आसानी से साफ हो जाते हैं। चेहरे पर नजर नहीं आते। ऐसे में बार-बार पीली मिट्टी व गेरू से होली खेली जा सकती है। युवाओं का यह भी कहना है कि पीली मिट्टी व गेरू रासायनिक रंगों की अपेक्षा सुरक्षित हैं। इनसे नुकसान कम होता है। यह भी युवा वर्ग के इनके प्रति रुझान की बड़ी वजह है।

# बेहोश होकर गिरे वृद्ध की मौत

### बिलैया-तलैया सब्जीमंडी की घटना

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली के बिलैया तलैया सब्जी मंडी क्षेत्र में बेहोश होकर गिरे एक वृद्ध की मौत हो गई। बताया जाता है कि वृद्ध अचानक गिर बेहोश होकर गिर गया। लोगों ने उसे उठाया और तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराई तो वृद्ध की पहचान खखरा पटना बाकल निवासी के रूप में हुई। शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम किया गया है। वृद्ध की पहचान निंदराम यादव 80 वर्ष के रूप में की गई। वृद्ध गांव से रोजाना कटनी आता था और फेरी लगाकर शहर की गलियों में दही बेचने का काम करता था। सूचना पर मृतक के स्वजन अस्पताल पहुंचे और उनकी पहचान की। पुलिस ने शव का पीएम कराया है और मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# युवक ट्रेन से कटा प्रौढ़ ने लगाई फांसी

**कटनी, यशभारत।** रंगनाथ नगर व एनकेजे थाना अंतर्गत घटित दो अलग-अलग घटनाओं में एक 42 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई जबकि 52 वर्षीय प्रौढ़ के द्धारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आयुध निर्माणी की पर्यावरण कालोनी निवासी 42 वर्षीय उमेश कुमार उपाध्याय की कटनी साउथ स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर मौत हो गई। उमेश में आत्महत्या की है या फिर वो हादसे का शिकार हुआ। यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। इसी प्रकार एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम शाहपुर निवासी 52 वर्षीय रविशंकर हल्दकार के द्धारा चोटी वाले बाबा के आश्रम के पीछे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। लोगों ने उसे फंदे पर लटका देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल में उसका पीएम कराया है और मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)